इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव






## स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव: गोगोई बोले- राहुल को 20 बार टोका गया; रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ। मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।



### गोगोई बोले- बिरला बोलने नहीं देते, माइक बंद किया

2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।

### रिजिजू ने कहा- सेशन के दौरान राहुल विदेश चले जाते हैं

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### जो नेहरू की आलोचना करते थे, वही अब उनका हवाला दे रहे, प्रियंका गांधी ने किरेन रिजिजू पर किया पलटवार



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू पर निशाना साधा। यह तब हुआ जब रिजिजू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर हुई चर्चा के दौरान जवाहरलाल नेहरू का हवाला दे रहे थे। प्रियंका ने कहा कि जो लोग भारत के पहले प्रधानमंत्री की दिन-रात आलोचना करते हैं, वही आज उनके वक्तव्यों का हवाला दे रहे हैं। चर्चा के दौरान रिजिजू ने 1954 में तत्कालीन स्पीकर जीवी मावलंकर को हटाने के प्रस्ताव पर नेहरू के बयान का हवाला दिया। रिजिजू ने नेहरू के शब्दों का उद्धरण देते हुए कहा, मैं उन माननीय सदस्यों से निवेदन करूंगा, जिन्होंने इस पर हस्ताक्षर किए हैं और जिन्होंने इसका समर्थन किया है कि वे उस दस्तावेज को पढ़ें जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं। यह एक घातक दस्तावेज है। मुझे शक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## एंटी-कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट पर 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति' तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। जस्टिस नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है।



### कोरोना वैक्सीन के बात मौत से जुड़ा मामला

पीठ ने कहा,इसी तरह, दोष निर्धारण के बैगर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, भारत सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी। याचिका में यह भी दावा किया गया कि टीकाकरण के बाद दोनों को गंभीर दुष्प्रभाव प्रभाव झेलने पड़े। इससे पहले 2022 में, केरल हाई कोर्ट ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी को निर्देश दिया था कि वह कोविड-19 वैक्सीनेशन के बाद के असर से मरने वालों की पहचान करने और उनके आश्रितों को मुआवजा देने के लिए जल्दी एक पॉलिसी बनाए। जस्टिस वी जी अरुण ने NDMA को निर्देश दिया कि वह 1 सितंबर के अपने आदेश के तीन महीने के अंदर जितनी जल्दी हो सके जरूरी काम करे।

## पहचान छिपाकर शादी की तो जेल, लिव-इन के भी नियम कड़े; लागू हुआ यूसीसी संशोधन अध्यादेश

देहरादून। उत्तराखंड में अब पहचान छिपाकर शादी करने वालों को जेल होगी। वहीं, लिव-इन के नियम भी कड़े हो गए हैं। प्रदेश में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश, 2026 लागू हो गया है।




समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को और अधिक प्रभावी और सख्त बनाने की दिशा में धामी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने समान नागरिक संहिता संशोधन अध्यादेश को मंजूरी के साथ ही राज्य में विवाह, पंजीकरण और लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव लागू हो गए हैं। अब यदि विवाह का कोई भी पक्षकार अपनी पहचान के विषय में गलत जानकारी देता है तो इसे विवाह शून्य करने का आधार माना जाएगा। इसके साथ ही, अपनी पहचान या वैवाहिक स्थिति छिपाकर शादी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ अब भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

### लिव-इन रिलेशनशिप पर कड़ा रुख, सात साल की सजा

अध्यादेश में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बेहद कड़े प्रावधान जोड़े गए हैं। यदि कोई व्यक्ति बल, दबाव या धोखाधड़ी के माध्यम से लिव-इन संबंध स्थापित करता है तो उसे सात साल तक के कारावास और जुर्माने की सजा होगी। धारा 380(2) के उल्लंघन जैसे खून के रिश्तों या प्रतिबंधित श्रेणियों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान के लिए आज कयामत की रात, अमेरिका के रक्षा मंत्री की चेतावनी- आसमान से होगी बारूद की बारिश

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार का दिन ईरान के अंदर अमेरिकी हमलों का अब तक का सबसे भीषण दिन होगा। यह चेतावनी तब आई है जब ईरान की हमला करने की ताकत कम होती दिख रही है, लेकिन उसने लड़ाई जारी रखने का संकल्प है। दूसरी तरफ, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा, हम उनकी हड्डियां तोड़ रहे हैं। नेतन्याहू ने साफ किया कि इस युद्ध का मकसद ईरान की सरकार को सत्ता से हटाना है ताकि वहां के लोगों को जुल्म से आजादी मिल सके। उन्होंने कहा कि ईरानी लोगों को आजाद कराना ही उनका असली लक्ष्य है।



### ईरान पर होंगे सबसे जोरदार हमले

पेंटागन में पत्रकारों से बात करते हुए हेगसेथ ने कहा कि आज ईरान पर सबसे जोरदार हमले होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 24 घंटों में ईरान ने अब तक की सबसे कम मिसाइलें दागी हैं। अमेरिकी सेना के जनरल डैन केन ने जानकारी दी कि ईरान के खिलाफ यह सैन्य अभियान अब 11वें दिन में पहुंच गया है।

### क्षेत्रीय तनाव बढ़ा

क्षेत्र के अन्य देशों में भी तनाव बढ़ गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने अपनी तरफ आती एक मिसाइल को हवा में ही रोक दिया है। कतर ने अपने नागरिकों को ईरान के हमलों के डर से घरों के अंदर रहने की सलाह दी है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी कहा है कि ईरान की तरफ से होने वाली फायरिंग को रोकने के लिए उसने अपने एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। वहीं इस सबके बीच, ईरान के एक सुरक्षा अधिकारी ने राष्ट्रपति ट्रंप को धमकी भी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों ने भी दुनिया भर में हलचल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## केंद्रीय कैबिनेट के 5 बड़े फैसले: मदुरै एयरपोर्ट को मिला अंतरराष्ट्रीय दर्जा, जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी

नई दिल्ली। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में इस बार सरकार ने कई अहम फैसले लिए। बैठक में तमिलनाडु के मदुरै एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने की मंजूरी दी गई, जिससे दक्षिण भारत की हवाई सेवाओं को बड़ी मजबूती मिलेगी। इसी के साथ, पेयजल पहुंचाने वाली प्रमुख योजना जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ा दिया गया है। ब्रीफिंग के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने कुल 8.69 लाख करोड़ रुपये के बड़े प्रोजेक्ट्स को भी मंजूरी दी है। इन फैसलों के साथ सरकार ने साफ संदेश दिया है कि विकास की रफ्तार और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार आने वाले वर्षों में और तेज होने वाला है। कैबिनेट ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने वाली 31.42 किमी लंबी नई ग्रीनफील्ड सड़क बनाने के लिए 3,630.77 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। बता दें इस सड़क में 11 किमी का एलीवेटेड हिस्सा सबसे महत्वपूर्ण होगा। इसके बन जाने से दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम के लोगों को जेवर एयरपोर्ट तक तेज और आसान पहुंच मिलेगी। पश्चिम बंगाल और झारखंड के 5 जिलों में रेलवे की दो नई मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी मिल गई है। इन प्रोजेक्ट्स की वजह से रेलवे नेटवर्क करीब 192 किमी और बढ़ जाएगा। लगभग 4,474 करोड़ रुपये में बनने वाले ये दोनों प्रोजेक्ट- सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन और संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन—साल 2030-31 तक पूरे हो जाएंगे। इन लाइनों के बनने से ट्रेन चलाने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## सदन में मुसवा के नाम पर हंगामा: 30 विधायक सस्पेंड किए गए, अतिक्रमण पर मंत्री केदार के जवाब से विपक्ष का वॉकआउट



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को धान खरीदी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। विपक्षी दल ने 'मुसवा' के नाम पर सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि 2024-25 सीजन में किसानों से खरीदे गए बड़ी मात्रा में धान को चूहों ने खा लिया, कुछ धान भ्रष्ट अधिकारियों ने बेच दिया या रखरखाव के कारण खराब हो गया।

कांग्रेस ने दावा किया कि इससे राज्य को करीब 8500 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। हालांकि सरकार ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। हंगामे के दौरान कांग्रेस के 30 विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया था। जिसे बाद में वापस ले लिया गया। वहीं, सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। उन्होंने अवैध कब्जा करने वाले आरोपियों पर एक्शन और सख्त नियम बनाने की मांग की। मंत्री केदार कश्यप ने इस मुद्दे पर जवाब दिया लेकिन विपक्ष इससे असंतुष्ट नजर आया।

### शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष ने उठाया मुद्दा

शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के उचित भंडारण और सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है। उन्होंने बताया कि 2024-25 के खरीफ विपणन सीजन में 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था, जिसमें से विभाग की सिटीजन रिपोर्ट के अनुसार 22.71 लाख क्विंटल धान का अब तक निपटान नहीं हुआ है। महंत ने आरोप लगाया कि यह धान अब फेयर एवरेज क्वालिटी का नहीं रहा और इसे चूहों ने खा लिया, भ्रष्ट अधिकारियों ने बेच दिया या खराब भंडारण और रखरखाव के कारण यह नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि मार्कफेड के भंडारण केंद्रों से 16.03 लाख क्विंटल और खरीदी केंद्रों से 6.67 लाख क्विंटल धान गायब बताया जा रहा है।

### मंत्री दयालदास बघेल ने आरोपों को बताया गलत

आरोपों पर जवाब देते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि धान खरीदी योजना में कुप्रबंधन या भ्रष्टाचार के कारण राज्य को भारी नुकसान होने का दावा गलत है। उन्होंने बताया कि 2024-25 के खरीफ विपणन सीजन में राज्य ने 25.49 लाख किसानों से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई बंद: गैस नहीं मिलने से होटल-रेस्टोरेंट बंद होने की नौबत

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से हॉर्मुज जलमार्ग के रास्ते गैस सप्लाई ठप हो गई है। इससे देश में एलपीजी की किल्लत हो रही है। दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस की सप्लाई पर रोक लगा दी है।



जमाखोरी रोकने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू

गैस सप्लाई बंद होने की वजह से कई शहरों में रेस्टोरेंट्स और होटल बंद होने की नौबत आ गई है। ऐसे में सरकारी सूत्रों का कहना है कि तेल कंपनियां तीन सदस्यी कमेटी के जरिए रेस्टोरेंट एसोसिएशनों से बात करेंगी, ताकि एलपीजी सप्लाई की दिक्कतों को समझा जा सके।

### देशभर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू

इधर, केंद्र सरकार ने गैस समेत जरूरी चीजों की जमाखोरी रोक ने लिए देशभर में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू कर दिया है। अब गैस को 4 कैटेगरी में बांटा जाएगाज. पहली कैटेगरी (पूरी सप्लाई) इसमें घर की रसोई गैस और गाड़ियों में डलने वाली CNG आती है। इन्हें पहले की तरह पूरी गैस मिलती रहेगी। दूसरी कैटेगरी (खाद कारखाने) खाद बनाने वाली फैक्ट्रियों को करीब 70प्रतिशत गैस दी जाएगी। बस उन्हें यह साबित करना होगा कि गैस का इस्तेमाल खाद बनाने में ही हुआ है। तीसरी कैटेगरी (बड़े उद्योग) नेशनल ग्रिड से जुड़ी चाय की फैक्ट्रियों और दूसरे ब? उद्योगों को उनकी जरूरत की लगभग 80 प्रतिशत गैस मिलेगी। चौथी कैटेगरी (छोटे बिजनेस और होटल) शहरों के गैस नेटवर्क से जुड़े छोटे कारखानों, होटल और रेस्टोरेंट को भी उनकी पुरानी खपत के हिसाब से लगभग 80त्न गैस दी जाएगी। एसेंशियल कमोडिटी एक्ट 1955 एक ऐसा कानून है, जो सरकार को यह ताकत देता है कि वह किसी भी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में धर्मातरण संशोधन विधेयक प्रारूप को मिली मंजूरी, कर्मचारी चयन मंडल बनेगा, परीक्षा में नकल रोकने नया कानून

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज विधानसभा स्थित उनके प्रतिकक्ष में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ राज्य में एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन के लिए बल प्रयोग, प्रलोभन, कपटपूर्ण नीति व साधनों, अनुचित प्रभाव या मिथ्या निरूपण पर प्रभावी ढंग से रोक लगाना है।



कैबिनेट में में लिया फैसला

मंत्रिपरिषद द्वारा विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप-समिति द्वारा अनुशंसित 13 प्रकरणों को माननीय न्यायालय से वापस लिए जाने का अनुमोदन किया गया। 3. मंत्रिपरिषद द्वारा अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित संयंत्रों व परियोजनाओं हेतु अनुदान की दरों का निर्धारण किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति दी गई। क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट संयंत्र वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए 01 लाख 50 हजार रूपए का राज्य अनुदान तथा वर्ष 2026-27 एवं आगामी वर्षों के लिए निविदा दर का 30 प्रतिशत अथवा 01 लाख 50 हजार रूपए जो भी कम हो, प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह घरेलू बॉयो गैस संयंत्र न्यूनतम 2 से 6 घन मीटर के लिए वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 9 हजार रूपए प्रति संयंत्र तथा वर्ष 2026-27 एवं आगामी वर्षों के लिए 9 हजार रूपए प्रति संयंत्र सभी क्षमताओं के लिए प्रस्तावित किया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ उपकर (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे पंजीयन पर प्रभार्य उपकर शुल्क समाप्त हो जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में राजीव गांधी मितान क्लब योजना के वित्त पोषण के सम्पत्ति के अंतरण पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क के अतिरिक्त 12 प्रतिशत की दर से उपकर अधिरोपित किया (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 6 साल में 4340 नक्सलियों का सरेंडर, 3644 गिरफ्तार, 48 हथियार लूटे, पुनर्वास नीति के तहत 10 करोड़ से ज्यादा की राशि आवंटित, 2900 से ज्यादा नक्सली पुनर्वासित: विजय शर्मा

रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन सदन में नक्सलियों का मुद्दा गूंजा, चरणदास महंत ने नक्सलियों द्वारा पुलिस और सुरक्षा बलों से लूटे गए हथियारों को लेकर प्रश्न किया, साथ ही ये भी पूछा कि साल 2020 से अब तक नक्सलियों के सरेंडर, गिरफ्तारी और मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की जानकारी मांगी। विधायक विक्रम मंडावी ने छत्तीसगढ़ में नक्सल पुनर्वास नीति के तहत सरेंडर इनामी नक्सलियों को दी जाने वाली राशि को लेकर प्रश्न किया। जिसका जवाब गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में दिया।

### नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पूछा प्रश्न

जनवरी 2026 तक मुठभेड़ों के दौरान नक्सलियों ने साल 2019-20 से जनवरी 2026 तक कितने हथियार लूटे, साल 2020 से अब तक कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है? कितने गिरफ्तार हुए और पुलिस मुठभेड़ों में कितने नक्सली मारे गए? मारे गए, गिरफ्तार किए गए और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से कितने और कौन से हथियार बरामद या जब्त किए गए?



गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नक्सलियों की दो कैटेगिरी होती है. 100 मुख्य कैडर है, उसके अलावा अन्य की अलग श्रेणिया बनती है.

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने दिया ये जवाब

समीक्षाधीन अवधि के दौरान मुठभेड़ों में नक्सलियों द्वारा पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों से 48 हथियार छीन लिए गए. पिछले छह वर्षों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ों के दौरान और आत्मसमर्पण करने वाले और गिरफ्तार नक्सलियों से 989 हथियार बरामद किए गए. जिनमें एके-47, इंसास और एसएलआर राइफलें शामिल हैं, विजय शर्मा ने बताया कि 1 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2026 तक 4340 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। गृहमंत्री ने बताया कि 6 सालों में मुठभेड़ों में 3644 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 666 माओवादी मारे गए। इससे पहले विधायक विक्रम मंडावी ने इनामी नक्सलियों के सरेंडर और उन्हें दी जाने वाली राशि के बारे में सदन में सवाल उठाया.

### 1496 इनामी नक्सलियों ने सरेंडर किया है. इनकी कुल घोषित राशि कितनी है? विधायक विक्रम मंडावी

गृह मंत्री विजय शर्मा ने दिया जवाब-कुल पुनर्वास 2937 लोगों का है, जिसमें 1496 इनामी नक्सली वे है जो 100 कैटेगिरी के हैं. 1441 उस कैटेगिरी से बाहर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पश्चिम एशिया संकट केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी बोले- घरेलू उपभोक्ताओं को मिलती रहेगी गैस, घबराने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर स्थिति साफ कर दी है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत अपनी जरूरतों के लिए सिर्फ मध्य-पूर्व पर निर्भर नहीं है। भारत अलग-अलग देशों और रास्तों से तेल और गैस की सप्लाई पक्की कर रहा है। मंत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भारत का ऊर्जा आयात लगातार जारी है और सप्लाई चेन पूरी तरह सुरक्षित है। सरकार ने ऐसे कदम उठाए हैं जिससे युद्ध के बावजूद आम लोगों को गैस की कमी न हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी जानकारी दी कि भारत का ऊर्जा आयात बिना किसी रुकावट के चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद घरेलू उपभोक्ताओं को ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सीएनजी और पीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। साथ ही, युद्ध की स्थिति के बावजूद अन्य उद्योगों को भी उनकी जरूरत (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# बजट में शामिल विकास कार्य को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्राक्कलन बनाकर करें प्रस्तुत - कलेक्टर



**धान उठाव में लाएं तेजी, स्कूली बच्चों के लिए लगेंगे विशेष आधार अपडेशन शिविर**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने इस वर्ष बजट में शामिल विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बजट में शामिल विकास कार्य को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र प्राक्कलन बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने पिछले वर्ष में बजट में स्वीकृत कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसलदारों को सर्वेयर द्वारा किए गिरदावरी कार्य की पुनः जांच कर रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को संज्ञान लेते हुए हटाने के निर्देश दिए। जिससे शासकीय भूमि का शासकीय विकास कार्यों में उपयोग किया जा सके। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग से संबंधित उच्च न्यायालय में चल रहे प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी एवं स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। इसके लिए तिथि निर्धारित करते हुए प्रत्येक स्कूलों में छूटे हुए बच्चों का आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने कहा। जिससे शत प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड बन सके। कलेक्टर ने जिले में संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बाल एवं मातृत्व मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने छात्रावासों में रहने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए लगातार निरीक्षण करने के लिए कहा। छात्रावासों में नजदीकी हॉस्पिटलों की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए। बच्चों को समय पर छात्रवृत्ति दिलाने के लिए कहा। कलेक्टर ने लक्ष्य निर्धारित करते हुए धान के उठाव के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राईस मिलर्स के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। परिवहन विभाग को अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की नाका लगाकर जांच कर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्रतिबंधित शराब को तत्काल प्रभाव से विक्रय एवं भण्डारण पर प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाला बना तालाब, मछलियां बनीं विरोध का हथियार : वीआईपी रोड पर युवा नेताओं का अनोखा प्रदर्शन





**शिकायतों के बाद भी नहीं जागी सरकार, तो पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने नाले में छोड़ीं मछलियां**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सबसे पॉश इलाके और सर्किट हाउस वार्ड-43 के अंतर्गत आने वाले वीआईपी मार्ग पर नारकीय स्थिति से जूझ रहे नागरिकों की आवाज बुलंद करने के लिए युवा नेताओं ने गांधीगिरी का अनोखा रास्ता चुना। वर्षों से जाम पड़े नाले और सड़कों पर बहते गंदे पानी की समस्या के विरोध में पूर्व पार्षद व युवा नेता ऋषि शास्त्री ने अपने समर्थकों के साथ नाले में मछलियां छोड़कर शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया।

### 1100 पर शिकायत के बाद भी ढाक के तीन पात

वार्ड के युवा नेता जय जायसवाल ने पूर्व पार्षद को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि स्थानीय निवासी और निजी अस्पतालों के संचालक इस गंदगी से बेहद परेशान हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री जनदर्शन और टोल-फ्री नंबर 1100 पर भी अनेक बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। आलम यह है कि विधायक प्रतिनिधि के निवास से लेकर बसंतपुर चौक तक नाला पूरी तरह जाम है।

### तंज : सफाई नहीं हो सकती, तो मछली पालन ही शुरू कर दें

प्रदर्शन के दौरान ऋषि शास्त्री ने प्रशासन पर तीखा तंज कसते हुए कहा, जब प्रशासन नाला साफ करने में अक्षम है और यहां साल भर पानी जमा ही रहता है, तो बेहतर है कि सरकार यहां विधिवत मछली पालन ही शुरू कर दे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाले की सफाई और पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई, तो यह वीआईपी मार्ग आने वाले समय में पूरी तरह मछली घर में तब्दील हो जाएगा। वीआईपी रोड शहर का वह हिस्सा है। जहां बड़े निजी अस्पताल और रसूखदार लोगों के निवास हैं। इसके बावजूद सालों से नाले का जाम रहना नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस अनोखे प्रदर्शन ने राहगीरों का ध्यान भी खूब खींचा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह सोई हुई सरकार को जगाने का एक प्रयास है, ताकि आम जनता को बदबू और बीमारियों से निजात मिल सके।

# आर्यभट्ट गणित चैलेंज में युगांतर के शौर्य का परचम, रायपुर रीजन के टॉप 100 में बनाई जगह




**छात्राओं ने भी लहराया सफलता का झंडा, सीबीएसई ने प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले स्थानीय युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित आर्यभट्ट गणित चैलेंज परीक्षा में विद्यालय के कक्षा दसवीं 'ड' के छात्र शौर्य अग्रवाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रायपुर रीजन के शीर्ष 100 विद्यार्थियों में अपना स्थान सुरक्षित किया है। शौर्य की इस उपलब्धि पर सीबीएसई ने उन्हें अल हिलाल अहमद (एसोसिएट प्रोफेसर एवं अपर निदेशक शैक्षणिक) तथा डॉ. प्रज्ञा एम सिंह (प्रोफेसर एवं निदेशक शैक्षणिक) के हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है। शौर्य के साथ ही विद्यालय की छात्रा आन्वी शर्मा और तनीषी देवांगन ने भी इस कठिन परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसके लिए बोर्ड द्वारा उन्हें सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

गणित विभागाध्यक्ष ललित महोबिया ने बताया कि प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए विशेष अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की गई थी। शिक्षकों द्वारा परीक्षा के प्रारूप के अनुरूप विधिवत तैयारी कराई गई। जिसके परिणामस्वरूप आज युगांतर के बच्चे हर विषय और विधा में उत्कृष्ट रैंक प्राप्त कर रहे हैं। विद्यार्थियों की इस प्रभावी सफलता पर पालकों ने युगांतर प्रबंधन के प्रति साधुवाद ज्ञापित किया है। विद्यालय की प्रबंध समिति ने खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्टतम सुविधाएं देने का संकल्प दोहराया है। प्राचार्य और प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय गणित विभाग की टीम, छात्र-छात्राओं की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया है।

# राजनांदगांव में पांच दिवसीय अंबेडकर जयंती महोत्सव की गूंज, 11 से 15 अप्रैल तक होंगे भव्य आयोजन



**बौद्ध कल्याण समिति की आमसभा में बनी रूपरेखा, भव्य बाइक रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सजेगा मंच**

राजनांदगांव (दावा)। बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा विश्वरत्न परम पूज्य डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की आगामी जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रविवार 8 मार्च को आयोजित आमसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पांच दिवसीय भव्य अंबेडकर जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों से आए गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने शिरकत कर आयोजन को भव्य रूप देने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

### पांच दिनों तक चलेगा उत्सव

समिति के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे ने बताया कि राजनांदगांव में बाबासाहेब की जयंती मनाने की गौरवशाली परंपरा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष 11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा कुछ इस प्रकार है। जिसमें 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम, 12 को बच्चों एवं महिलाओं के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, 13 को शहर के मुख्य मार्गों से भव्य बाइक रैली, 14 को मुख्य जयंती समारोह स्थान सिविल लाइन, जाली खाता राजनांदगांव एवं 15 अप्रैल को विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं भव्य समापन समारोह आयोजित की जाएगी। आमसभा में उपस्थित सभी समाजजनों ने इस पांच दिवसीय महोत्सव को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। समिति का उद्देश्य बाबासाहेब के विचारों और उनके सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे एवं मनीष सिमनकर ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश डुलानी के निधन पर सिंधी समाज स्तब्ध, पूज्य सिंधी पंचायत ने दी श्रद्धांजलि



**समाज के उत्थान में डुलानी का योगदान अविस्मरणीय, प्रेरणा के स्त्रोत रहेंगे उनके कार्य**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और सिंधी समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश डुलानी के आकस्मिक निधन पर पूज्य सिंधी पंचायत ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उनके निधन की खबर से पूरे समाज में शोक की लहर व्याप्त है। पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धेय डुलानी जी का जाना न केवल राजनीति बल्कि समाज के लिए भी एक ऐसी अपूरणीय क्षति है। जिसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। वे जीवन भर समाज के हितों के लिए संघर्षरत रहे और उनकी कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पंचायत के सदस्यों ने कहा कि डुलानी जी का व्यक्तित्व सादगी और सेवा का संगम था। जिन्होंने समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान वरिष्ठ मार्गदर्शक आवतराम तेजवानी, अर्जुनदास पंजवानी, घनश्याम गंगवानी, ब्रह्मानंद बजाज, गुरुमुखदास वादवा सहित अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, कोषाध्यक्ष विजय गंगवानी और महासचिव हरीश मोटलानी ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सुरेश डुलानी ने समाज के कल्याण के लिए अनेक उल्लेखनीय प्रयास किए। समाज के प्रति उनका समर्पण और आशीर्वाद सदैव याद किया जाएगा।

# महापौर ने वार्डों का किया औचक निरीक्षण, सफाई और पानी की समस्याओं पर दिए निर्देश



**नंदई में दुकानदारों को डस्टबिन रखने की समझाइश, आशीर्वाद कॉलोनी में पाइपलाइन विस्तार से दूर होगी पानी की किल्लत**

राजनांदगांव (दावा)। शहरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्री मधुसूदन यादव ने मंगलवार सुबह वार्ड नंबर 40 और 44 के विभिन्न क्षेत्रों का सघन दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नंदई, शिव कॉलोनी, आशीर्वाद कॉलोनी और महेश नगर में साफ-सफाई, बिजली और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया और सीधे वार्डवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं। नंदई और महेश नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का मुआयना करते हुए महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों या सड़कों पर कचरा न फेंके। उन्होंने कहा कि घरों में ही कचरा पृथक्करण कर स्वच्छता दीदियों को दें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे अपनी दुकानों के बाहर अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर कचरा फैलने से रोकने के लिए बस स्टैंड के पास के प्रतीक्षालय को हटाकर वहां कचरा संग्रहण की व्यवस्थित जगह बनाई जाए।

### आशीर्वाद कॉलोनी में सुलझेगी पानी की समस्या

पेयजल की समस्या को लेकर महापौर ने आशीर्वाद कॉलोनी का दौरा किया। वहां निवासियों की शिकायत पर उन्होंने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिव कॉलोनी से पाइपलाइन का विस्तार कर उसे आशीर्वाद कॉलोनी से जोड़ा जाए, ताकि क्षेत्र में पर्याप्त पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। वहीं महेश नगर में जल निकासी के लिए नई नाली निर्माण की कार्ययोजना बनाने और गैंग लगाकर तत्काल सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। महापौर ने सर्वेश्वरदास स्कूल मैदान स्थित पेंशन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भवन के रंग-रोगन और उसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए ताकि इसका बेहतर उपयोग किया जा सके।






## आगामी दलहन, तिलहन खरीद प्रक्रिया एवं कृषकों को जोड़ने के संबंध में बैठक आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित वैल्यू चेन परियोजना के तहत संचालित एफपीसी-स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक कंपनी अंतर्गत आगामी दलहन, तिलहन खरीद प्रक्रिया एवं अधिक से अधिक कृषकों को जोड़ने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी तीन दिवस के भीतर अधिक से अधिक किसानों को प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत पंजीकृत करने कहा गया। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत एफपीसी अंतर्गत दलहन-तिलहन फसलों के रूप में चना, मसूर, तुअर एवं सरसों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। नाफेड (भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड) द्वारा इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।



## नीलकंठ गड़े का निधन

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जलवायु वन बोर्ड के सदस्य नीलकंठ गाड़े का निधन सुबह 4 बजे हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा लाखोली मुक्तिधाम के लिए 12 बजे निवास से निकलेगी।

## शैलेन्द्र मेश्राम का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय भरकापारा निवासी शैलेन्द्र मेश्राम का आज 10 मार्च मंगलवार को शाम 5 बजे निधन हो गया। वे छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से सेवानिवृत्त थे। मृदुभाषी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। श्री मेश्राम आम्बेडकर सेवा समिति भरकापारा के अध्यक्ष प्रतीक मेश्राम के पिता थे। श्री मेश्राम की अंतिम यात्रा निज निवास से आज 11 मार्च बुधवार को दोपहर 12 बजे मठपारा मुक्तिधाम हेतु निकाली जावेगी।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, डोंगरगढ़ संभाग

### -:: विद्युत बंद की सूचना ::-

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व 2026 को ध्यान में रखते हुए डोंगरगढ़ संभागीय कार्यालय अंतर्गत 33 एवं 11 के व्ही फीडरों का मेंटनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। लाईन मेंटनेंस का समय सुबह 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक है। विद्युत सप्लाई उल्लेखित समय तक बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई बढ़ाई जा सकती है । असुविधा के लिए खेद है।

| क्र | दिनांक एवं दिन | सब स्टेशन का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्रों का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 12/03/2026 (गुरूवार) | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ | 11 के.व्ही. जेल फीडर | अग्रवाल राईस मिल, दम्मानी राईस मिल, रानी शती राईस मिल, रामनगर, नीचे मंदिर, मेला ग्राउंड, रामनगर, महावीरपारा, खण्डुपारा, आदर्श नगर, सुभाष वार्ड मोची पारा, बंगाली पारा, कण्डरा पारा, जेल रोड़, भुरवाटोला एवं इस फीडर से संबंधित समस्त वार्ड । |
| 2. | 13/03/2026 (शुक्रवार) | 132/33 के.व्ही. अछोली | 33 के.व्ही. डोंगरगढ़, छुरिया, मेढ़ा एवं डोंगरगढ़ उपकेन्द्र | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ शहर, अछोली, एल.बी.नगर, मेढ़ा सब-स्टेशन, से निकलने वाले समस्त फीडर से संबंधित समस्त ग्राम और वार्ड। |
| 3. | 14/03/2026 (शनिवार) | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ | 11 के.व्ही. चौथना एवं राका फीडर | चौथना, भर्रीटोला, बछेराभांठा, लेड़ीजोब, अंडी, पिटहर राका, भंडारपुर भोथली, माटेकट्टा, राजकट्टा, कुरूभाठ एवं इस फीडर से संबंधित समस्त ग्राम। |
| 4. | 16/03/2026 (सोमवार) | 33/11 के.व्ही. अछोली | 11 के.व्ही. अटल आवास फीडर | नया नेहरू कालेज, चमन नगर, कन्या शाला स्कुल, नाका पारा, गुरूदेव रेसिडेंसी, खुटापारा एवं इस फीडर से संबंधित समस्त वार्ड। |
| 5. | 17/03/2026 (मंगलवार) | 33/11 के.व्ही. डोंगरगढ़ | 11 के.व्ही. बिच्छीटोला फीडर | गाजमर्रा, कल्याणपुर, बिच्छीटोला, कुम्हड़ाटोला, सोरीटोला एवं इस फीडर से संबंधित समस्त ग्राम। |

'' सूरज के किरपा पाबो, पी.एम. सूर्यघर योजना अपनाबो
छत पर अपन बिजली बनाबो, शुन्य बिजली मुफ्त पाबो।''
''समय पर विद्युत देयक का भुगतान कर असुविधा से बचें ''

**कार्यपालन अभियंता (संचा./ संधा.)**
**संभाग छ.स्टेट.पा.डिस्ट्री.कं.लिमि. डोंगरगढ़**

## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

### सामान्य वनमंडल खैरागढ़ काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेंवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपों ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक - 19.03.2026
2. नीलाम का सयम - प्रातः 09.00 से

| प्रजाति | नया वनोपज (काष्ठ) | | | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 330.772 | 498 | 2196 | 417.698 | 1439 | 10150 |
| बीजा | 65.368 | 8 | 0 | 129.654 | 139 | 0 |
| साजा | 126.408 | 48 | 0 | 59.616 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 53.753 | 35 | 0 | 19.672 | 262 | 0 |
| हल्दु, मुंडी | 27.945 | 26 | 0 | 28.985 | 39 | 0 |
| तिन्सा | 34.692 | 39 | 0 | 36.946 | 0 | 0 |
| खम्हार | 1.819 | 0 | 0 | 0.865 | 0 | 0 |
| कसही | 22.308 | 0 | 0 | 35.626 | 0 | 0 |
| भिरहा | 26.127 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| घाटा | 2.864 | 0 | 0 | 1.091 | 0 | 0 |
| सालिहा मोदे | 1.307 | 0 | 0 | 1.832 | 0 | 0 |
| अन्य | 95.420 | 345 | 0 | 22.000 | 0 | 0 |
| योगः- | 788.783 | 999 | 2196 | 753.985 | 1879 | 10150 |

पिपरिया डिपो के नया जलाऊ चट्टा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 40 चट्टा |

साल्हेवारा डिपो के अविक्रीत जलाऊ चट्टा

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जलाऊ चट्टा | मिश्रित | 43 चट्टा |

ठेलकाडीह डिपो के औद्योगिक बांस नया

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | औद्योगिक बांस | 2 मी. एवं 1 मी. साईज | 251.580 नो. टन |

टीपः-(1) क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 252607113/2

**वन मण्डल अधिकारी,**
**खैरागढ़ वनमण्डल, खैरागढ़**






## नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं सरोज देवी कोठारी, श्री इंदरचंद कोठारी की धर्मपत्नी हूँ।

निवास कोठारी भवन, कामठी लाईन, राजनांदगांव (छ. ग.) मैं एतद् द्वारा शपथ लेती हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम सरोज कोठारी त्याग दिया है और नया नाम सरोज देवी कोठारी धर्मपत्नी श्री इंदरचंद कोठारी, धारण किया है।

इसलिए, आज से मुझे मेरे सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और अन्य दस्तावेजों में श्रीमती सरोज देवी कोठारी धर्मपत्नी श्री इंदरचंद कोठारी के रूप में जाना जाना चाहिए।

**सरोज देवी कोठारी**
कोठारी भवन, कामठी लाईन,
राजनांदगांव (छ. ग.),491441






## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-9
129-2 100-1
राजधानी
4-6-7
168-5 880-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व)
राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव,छ.ग.

## //ईश्तहार//

कं./499/अविअ/प्रवा.-3/2026
राजनांदगांव, दिनांक 04/02/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक.....(1) बहादुर अली पिता अब्दुल अज़ीज, (2) जोया आफरीन आलम पति गुलरेज आलम, निवासी बल्देव बाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम इंदामरा, पटवारी हल्का नंबर 28, खसरा नंबर 381/5 रकबा 0.5670 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 13/02/2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं बृजकिशोर सुरजन (BRIJKISHORE SURJAN) S/o स्व. श्री विठ्ठलदास सुरजन (VITTHALDAS SURJAN) निवास स्थान HOUSE No 12, SURJAN NIWAS, RAMADHIN MARG, RAJNANDGAON (CG.) यह शपथ करता हूँ कि मैनें अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम बृजकिशोर सुरजन (BRIJKISHOR SURJAN) S/o स्व. श्री विठ्ठलदास सुरजन (VITTHALDAS SURJAN) रख लिया हैं। अतः आज से मुझे मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम बृजकिशोर सुरजन (BRIJKISHOR SURJAN) S/o स्व. श्री विठ्ठलदास सुरजन (VITTHALDAS SURJAN) के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

**BRIJKISHOR SURJAN**
**HOUSE NO -12,**
**SURJAN NIWAS,**
**RAMADHIN MARG**
**RAJNANDGAON**
**(C.G.) 491441**

# नवरात्रि में पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए राजनांदगांव पुलिस मुस्तैद, एसपी ने किया 62 किमी मार्ग का निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। नव संवत्सर 2083 और चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुंचने वाले लाखों पदयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अंजोरा से डोंगरगढ़ तक के लगभग 61.8 किलोमीटर लंबे पदयात्री मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस वर्ष राजनांदगांव पुलिस ने पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए एक विशेष पहल की है। रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए श्रद्धालुओं को रेडियम बेल्ट और बैग व शर्ट पर लगाने हेतु रिफ्लेक्टर स्टिकर वितरित किए जाएंगे। इससे अंधेरे में भी वाहन चालकों को पदयात्री स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे और हादसों की संभावना कम होगी।

**अंजोरा से डोंगरगढ़ तक वन-वे होगा मार्ग, श्रद्धालुओं को दिए जाएंगे रेडियम बेल्ट और रिफ्लेक्टर स्टीकर**

### यातायात प्रबंधन : अंजोरा से होगा वन-वे

भीड़ नियंत्रण और सुचारु आवागमन के लिए पुलिस प्रशासन ने रूट चार्ट तैयार कर लिया है। अंजोरा ग्राम से डोंगरगढ़ तक मार्ग को वन-वे रखा जाएगा। सड़क का एक हिस्सा विशेष रूप से केवल पदयात्रियों के लिए सुरक्षित और आरक्षित रहेगा। यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पड़ोसी जिले दुर्ग और महाराष्ट्र के गोंदिया जिले की पुलिस से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

### 16 मार्च को होगा रियल-टाइम रिहर्सल

सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए 16 मार्च को राजनांदगांव पुलिस द्वारा संपूर्ण बल और संसाधनों के साथ मॉक ड्रिल (पूर्वाभ्यास) किया जाएगा। इस रिहर्सल के माध्यम से ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक जवान को उनके पॉइंट और दायित्वों की जानकारी दी जाएगी, ताकि नवरात्रि प्रारंभ होने से पहले ही कमियों को दूर किया जा सके।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डीएसपी अलेक्जेंडर किरो तथा यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप भी उपस्थित रहे। टीम ने तुमड़ीबोड़ मार्ग सहित प्रमुख चौक-चौराहों और श्रद्धालुओं के रुकने के पड़ाव स्थलों का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मार्ग में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और स्टॉपर्स की व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाए।

# अफीम कांड ने भाजपा सरकार के दावों की खोली पोल : महेन्द्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग जिले के ग्राम समोदा में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती के खुलासे के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के महामंत्री महेन्द्र यादव ने एक तीखी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस मामले में भाजपा सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के करीबियों द्वारा 10 एकड़ में अफीम की खेती किया जाना यह साबित करता है कि प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार सरकारी संरक्षण में फल-फूल रहा है। महेन्द्र यादव ने कहा कि विनायक ताम्रकार जैसे भाजपा नेताओं के करीबी कार्यकर्ताओं द्वारा इतने बड़े पैमाने पर अवैध अफीम की खेती करना कोई सामान्य प्रशासनिक लापरवाही नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर प्रशासन अब तक आंखें मूंदकर क्यों बैठा था? क्या सत्ता के रसूख के चलते अधिकारियों ने इस ओर से मुंह मोड़ रखा था? उन्होंने कहा कि भाजपा का दोहरा चरित्र अब जनता के सामने बेनकाब हो चुका है।

**कांग्रेस का आरोप : सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध नशा, 12 मार्च को भाजपा कार्यालय का होगा घेराव**

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ को विकास के बजाय नशे के गढ़ में तब्दील कर दिया है। यादव ने कहा कि एक तरफ नशे के खिलाफ खोखले दावे किए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर 67 नई शराब दुकानें खोलकर युवाओं को बर्बादी की ओर धकेला जा रहा है। भाजपा के लोग ही अब प्रदेश की पावन धरा पर जहर की खेती कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार, इस अफीम कांड के विरोध में 12 मार्च को राजनांदगांव में कांग्रेस बड़ा मोर्चा खोलने जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण एवं शहर) के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महेन्द्र यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आम जनता से अपील की है कि वे इस अफीम कांड और सरकार की नशा विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाले घेराव प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं देती, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रसोई गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाना महिलाओं का अपमान - राजेश कुमार चंपू



राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश कुमार चंपू ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे महिलाओं के साथ अन्याय और उनके सम्मान का अपमान बताया है। श्री चंपू ने अपने बयान में कहा कि एक ओर केंद्र सरकार बड़े-बड़े मंचों से महिला सशक्तिकरण की बातें करती है। वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर महिलाओं की रसोई पर सीधा आर्थिक बोझ डालने का काम किया है। यह निर्णय न केवल महिलाओं बल्कि पूरे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि महंगाई पहले से ही आसमान छू रही है। खाद्य पदार्थों, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। ऐसे में महिला दिवस पर गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाना केंद्र सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। श्री चंपू ने कहा कि देश की महिलाएं आज भी घर की पूरी जिम्मेदारी संभालती हैं और महंगाई का सबसे अधिक असर उनकी रसोई पर पड़ता है, लेकिन केंद्र सरकार को महिलाओं की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सरकार को तुरंत यह मूल्य वृद्धि वापस लेकर देश की महिलाओं और आम जनता को राहत देनी चाहिए। अंत में श्री चंपू ने कहा कि यदि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं करती और रसोई गैस के दाम कम नहीं करती, तो कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ मिलकर इसके खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने को मजबूर होगी।

**कहा कि यह निर्णय न केवल महिलाओं बल्कि पूरे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के लिए बेहद पीड़ादायक है**

# विधि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिकार और समानता पर मंथन





राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार 9 मार्च को एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष के वैश्विक अभियान अधिकार, समानता और सशक्तिकरण की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी अधिवक्ताओं एवं विद्यार्थियों को महिला अधिकारों और सामाजिक परिवर्तन के प्रति जागरूक करना था। समारोह में शहर की विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रबुद्ध महिलाओं ने शिरकत की।


इनमें श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती हेमा देशमुख, श्रीमती अंजू त्रिपाठी, सुश्री आभा तिवारी, डॉ. अचला जैन, सुश्री मणि भास्कर गुप्ता, डॉ. रेखा मेश्राम, श्रीमती पूर्णिमा साहू तथा सुश्री पूजा ठाकुर शामिल रहीं। अतिथियों ने अपने जीवन के संघर्षों और अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और शिक्षा के बल पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### समानता का सकारात्मक उदाहरण

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह समाज में पुरुषों के सहयोग और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सामूहिक भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जब युवा पीढ़ी मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर चलती है, तभी समाज में वास्तविक समानता आती है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पारंपरिक सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ हुआ, जिसका कुशल संयोजन श्रीमती प्रेरणा तिवारी द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विधि (कानून) की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कानून की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए इन विषयों को समझना और समाज में जागरूकता फैलाना नैतिक जिम्मेदारी है।

# आज से सुरगी के कबीर आश्रम में दो दिवसीय भव्य सत्संग समारोह

**नेपाल के संत शिवम साहेब सहित प्रख्यात वक्ता देंगे मानवता का संदेश**



राजनांदगांव (दावा)। संत सम्राट सद्गुरु कबीर साहेब की जयंती के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सुरगी स्थित कबीर आश्रम में आगामी 11 एवं 12 मार्च को दो दिवसीय भव्य कबीर सत्संग एवं जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार, कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस सत्संग का मुख्य उद्देश्य कबीर साहेब के अमृतमय विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और मानव जीवन को सुखमय व सार्थक बनाना है। आयोजकों का मानना है कि मानव जीवन जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति का एकमात्र साधन है। जिसे सत्संग के माध्यम से ही सही दिशा दी जा सकती है।

### प्रख्यात संत और वक्ता होंगे शामिल

समारोह में आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने के लिए विशेष रूप से परम पूज्य संत शिवम साहेब (नेपाल) उपस्थित रहेंगे। उनके साथ ही विजय साहेब (सेनचुवा) तथा श्रद्धा साध्वी पानरास साहेब विशेष वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे। ये संत कबीर साहेब के उपदेशों, भक्ति, सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भाव पर प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक महंत श्री अविचल दास साहेब हैं। जबकि आयोजन की कमान हेमनाथ साहू एवं शीतचरण साहेब संभाल रहे हैं। सकल कबीर पंथी जनकल्याणकारी समाज राजनांदगांव के सदस्यों सहित ग्राम सुरगी, खुटेरी, देवरी, मोखला और आसपास के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालु व समाजसेवी इस आयोजन को सफल बनाने में जी-जान से जुटे हैं। बड़ी संख्या में मातृशक्ति (महिला मंडल) भी आयोजन में अपनी सक्रिय सेवाएं दे रही हैं। आयोजन समिति ने राजनांदगांव जिले के समस्त श्रद्धालुओं, सज्जनों एवं देवियों से अपील की है कि वे इस दो दिवसीय सत्संग में सपरिवार शामिल होकर संत वाणी का लाभ उठाएं और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

# बौद्ध कल्याण समिति ने मनाया महिला दिवस, पायल मेश्राम बनी महिला विंग की अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिविल लाइन स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाओं और बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। दर्शकों ने कलाकारों के कौशल की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती पुष्पलता गणवीर एवं श्रीमती सोनकर उपस्थित रहीं।

समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि आधुनिक युग में महिलाएं घर और बाहर, दोनों मोर्चों पर अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। देश की प्रगति में महिलाओं का योगदान अब अपरिहार्य हो चुका है और वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज को नई दिशा दे रही हैं। इस विशेष अवसर पर बौद्ध कल्याण समिति की महिला विंग के गठन की आधिकारिक घोषणा की गई। समिति के अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े ने श्रीमती पायल मेश्राम को महिला विंग का अध्यक्ष मनोनीत किया। अध्यक्ष मनोनीत होने के साथ ही श्रीमती मेश्राम ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागड़े ने उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंगे एवं मनीष सिमनकर ने साझा की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाएं सम्मानित**

# सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सोमनी पुलिस की कार्रवाई

### एनसीआरबी की टिप-लाइन पर हुई कार्रवाई, उत्तर प्रदेश का आरोपी राजनांदगांव पुलिस की गिरफ्त में



राजनांदगांव (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री परोसने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमनी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी फेसबुक के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो अपलोड कर रहा था। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा। थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय (एनसीआरबी नई दिल्ली) द्वारा साइबर पोर्टल के माध्यम से प्राप्त साइबर टिप-लाइन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सीसीपीडब्लू योजना के अंतर्गत सोशल मीडिया पर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस लगातार निगरानी रख रही है।

### उत्तर प्रदेश का निवासी है आरोपी

तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अरविंद पाण्डेय पिता शिवमूरत पाण्डेय उम्र 29 वर्ष को हिरासत में लिया। आरोपी मूल रूप से पाण्डेपुरवा, चिकना बाजार, जिला गोण्डा (उत्तर प्रदेश) का निवासी है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में सोमनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को ट्रेस किया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और सिम कार्ड को जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ धारा 67(बी) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में गंभीरता से सुनी नागरिकों की समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, भू-अर्जन, अवैध अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नजूल से संबंधित, पेंशन, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

# महाराष्ट्र से अवैध धान परिवहन मामला : 19.34 लाख के जुर्माने के बाद 6 वाहन और 2170 कट्टा धान मुक्त




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर न्यायालय राजनांदगांव द्वारा पारित आदेश के अनुसार महाराष्ट्र से अवैध रूप से धान परिवहन के प्रकरण में जप्त किए गए 6 वाहन एवं 2170 कट्टा धान को निर्धारित राशि जमा करने के उपरांत जप्ती से मुक्त करने का आदेश जारी किया गया है। खाद्य एवं राजस्व विभाग की रिपोर्ट तथा पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जिला गोंदिया महाराष्ट्र निवासी अनावेदक व वाहन स्वामियों जयप्रकाश रत्नाकर सहित अन्य 5 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। महाराष्ट्र राज्य से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शासन द्वारा निर्धारित प्रतिबंध अवधि के दौरान बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के 6 टाटा आयसर वाहनों में कुल 2170 कट्टा धान का अवैध परिवहन कर रहे थे। पूर्व में भी इन वाहनों से धान लाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से खपाया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आदेश का उल्लंघन किया गया है। इस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6 (क) एवं छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 के प्रावधानों के तहत 6 मार्च 2026 को आदेश पारित किया गया। आदेशानुसार प्रति वाहन 3 लाख रूपए तथा जप्तशुदा धान की कीमत का 5 प्रतिशत राजसात राशि शासकीय खजाना में जमा करने एवं निर्धारित मंडी शुल्क संबंधित मंडी में अदा करने के उपरांत 6 वाहन मय 2170 कट्टा धान को जप्ती से मुक्त करने के निर्देश दिए गए।

**कलेक्टर न्यायालय ने सुनाया फैसला, प्रति वाहन 3 लाख जुर्माना और धान की कीमत का 5 प्रतिशत हिस्सा राजसात**

कलेक्टर न्यायालय द्वारा यह आदेश जप्त वाहनों के लंबे समय से एक स्थान पर खड़े रहने से कलपुर्जों में संभावित क्षति तथा धान की गुणवत्ता में संभावित गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए पारित किया गया। पारित आदेश के अनुसार अनावेदकों द्वारा 6 वाहनों एवं जप्त धान की कीमत में से राजसात की गई कुल 19 लाख 34 हजार 540 रुपए की राशि चालान के माध्यम से खजाना दाखिल करने एवं मंडी शुल्क की कुल 59 हजार 198 रुपए की राशि संबंधित मंडी में जमा कर रसीद प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत कलेक्टर न्यायालय द्वारा जप्त वाहन मय धान को जप्ती से मुक्त करने का आदेश जारी किया गया।

# राजस्थान के बहरोड़ ग्राम दहमी वाली मनसा माता का फिर सजेगा दरबार



राजनांदगांव(दावा)। कुलदेवी मनसा दहमी माता के मंगल पाठ महोत्सव को लेकर कुलदेवी दहमी माता परिवार राजनांदगांव द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 15 मार्च को उदयाचल प्रांगण में शाम 5 बजे से आयोजित होने वाले चतुर्थ श्री दहमी माता मंगलपाठ महोत्सव की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरी टीम का गठन किया गया तथा सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई, ताकि कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

### कोलकाता की सुप्रसिद्ध कलाकार करेंगी मंगल पाठ

आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष के मंगल पाठ उत्सव में कोलकाता की सुप्रसिद्ध कलाकार श्रीमती कविता अग्रवाल द्वारा मंगल पाठ एवं भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में अखंड ज्योत, विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग और प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। बैठक में शिव अग्रवाल, बिसन अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नितीश अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, कमल अग्रवाल, दीपक जोशी, आशीष अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आयोजक मंडल ने समस्त कुलदेवी दहमी मनसा माता परिवार से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर कुलदेवी मनसा दहमी माता के मंगल पाठ में शामिल होने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# सत्यनाम के जयकारों से गूंजी संस्कारधानी, हुजूर उदित मुनि साहेब का भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। मां भानेश्वरी देवी के पवित्र धाम ग्राम सिंघोला में आयोजित दो दिवसीय सतगुरु कबीर संत समागम का मंगलवार को श्वेतांबर धारी हुजूर उदित मुनि नाम साहेब के गरिमामयी आगमन के साथ भव्य शुभारंभ हुआ। संस्कारधानी नगरी में प्रवेश करते ही कबीर अनुयायियों और साहू समाज के लोगों ने पलक-पावड़े बिछाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। हुजूर साहेब के स्वागत के लिए मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के समीप स्थित कबीर चौक पर भारी संख्या में कबीर पंथी एकत्रित हुए। जैसे ही उदित मुनि साहेब का आगमन हुआ, कबीर अनुयायियों ने हाथ में सत्यनाम का झंडा लिए जय-जयकार शुरू कर दी। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनकी अगवानी की। हूजूर साहेब के सम्मान में कबीर चौक से ग्राम सिंघोला के मिनी स्टेडियम तक एक विशाल मोटर सायकल रैली निकाली गई।

इस दौरान रास्ते भर श्रद्धालु संत साहेब के दर्शन के लिए आतुर दिखे। मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह स्थल पर संतों के सान्निध्य में आशीर्वचन, भेंट-बंदगी और सात्विक यज्ञ जैसे अनुष्ठानिक कार्यक्रम प्रारंभ हुए।

### आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक सद्भाव

जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि सिंघोला में आयोजित इस भव्य संत समागम से न केवल साहू समाज, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। आयोजन में सात्विक यज्ञ, चौका आरती और संतों के प्रवचनों के माध्यम से सामाजिक सद्भाव, धर्म और आध्यात्मिक जागरूकता का वातावरण बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भेंट-बंदगी कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। बता दें कि यह समागम 10 और 11 मार्च को आयोजित है। बुधवार को भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संतों के आशीर्वचन होंगे। आयोजन की दिव्यता को बनाए रखने के लिए आयोजन समिति और साहू समाज के लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## अनमोल दावा

**दुनिया की कोई परेशानी आपके साहस से बड़ी नहीं है।**

## सम्पादकीय

# विश्व युद्ध के आसार और मानवता समक्ष विनाश का संकट

विश्व भारी संक्रमणकाल से गुजर रहा है। शक्ति प्रदर्शन और बदले की राजनीति ने महाभारत काल की याद दिला दी। मानवता शर्मसार हो रही है। पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच विकराल होता सैन्य संघर्ष अब केवल दो-तीन देशों के बीच का संघर्ष नहीं रहा। परन्तु, सम्पूर्ण विश्व के लिए चिन्ता का विषय बन गया है। मिसाइली हमले, ड्रोन हमले और बम विस्फोटों ने विश्व को भयभित कर दिया है। तेल की लड़ाई अब पानी तक आ पहुंची है। संभावना लग रही है कि यह संघर्षपूर्ण युद्ध पूर्ण स्तर के युद्ध में परिवर्तित हो सकता है। युद्ध के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो केवल सैनिकों ही नहीं परन्तु आम नागरिकों को भी भारी जान-माल की क्षति होती है।

वर्तमान में, समुद्र और आकाश दोनों ही युद्ध के मैदान बन गए हैं। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती जा रही सैन्य कार्यवाही प्रभावित देशों को अस्थिर किए हुवे है। युद्ध जहाजों पर हमले, तेल टैंकरों को निशाना बनाने और मुख्य शहरों पर बमबार्डमेन्ट भयावह चित्र दिखला रहे हैं। हालात खतरनाक हो गए हैं। सर्वाधिक दु:ख का विषय यह कि इस प्रवर्तित युद्ध में अधिकांश लोग ऐसे हैं जिनका इस युद्ध से कोई सीधा संबंध नहीं है। वे केवल आम नागरिक हैं। वे अपना और अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

युद्ध केवल मानव जीवन के लिए ही नहीं परन्तु आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर गहरा असर पड़ता है। व्यापार ठप हो जाते है। तेल और ऊर्जा की कीमत बढ़ रही है। वैश्विक बाजार अस्थिर हो गए हैं। वर्तमान संघर्ष इसकी पुष्टि कर रहा है। पर्सियन गल्फ और मध्य पूर्ण क्षेत्र के विश्व के सबसे बड़े ऊर्जा स्तोत्रों में से एक है। अब अगर युद्ध लम्बा चला, जिसके आसर दिख रहे हैं तो तेल व गैस की आपूर्ति प्रभावित होगी। जिसका सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थतंत्र पर पड़ेगा।

उक्त विकट परिस्थिति भारत जैसे देश के लिए चिन्ता का विषय है। भारत को अधिकांशत: ऊर्जा की आपूर्ति उक्त प्रदेशों से होती है। अगर, युद्ध के कारण तेल की कीमत बढ़ती है। अथवा आपूर्ति में व्यवधान होता है तो यह हमारे देश के लिए, खासकर अर्थतंत्र को प्रभावित करेगा। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ेगी। जिससे स्वाभाविक रूप से परिवहन मंहगा होगा। जिससे आम लोगों का जनजीवन भी प्रभावित होगा। महंगाई, मूल्यवृद्धि की संभावना बढ़ेगी। जिसका असर विकास पर भी पड़ेगा।

इसके अलावा लाखों भारतीय मध्य पूर्वी देशों में काम करते हैं। ये लोग विदेशों से भारत में निवासरत अपने परिवारों को पैसा भेजते हैं। जो भारत के अर्थतंत्र के लिए भी महत्वपूर्ण है। अगर युद्ध की स्थिति गंभीर होती है तो यह भारतीयों की सुरक्षा जोखिम में आ सकती है। ऐसे हालात में, लोगों को कई मरतबे अपनी नौकरी छोड़कर वापस अपने देश आने विवश करता है। जो उनके परिवारों के लिए आर्थिक कठिनाइयों का कारण बन सकता है। जिससे भारत के लिए उसके नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और राजद्वार स्तर पर शांतिपूर्ण प्रयास करना होगा।

युद्ध का दूसरी गंभीर असर पर्यावरण पर भी पड़ता है। जब तेल के टैंकरों पर हमले होते हैं अथवा समुद्र में तेल बहता है, तब समुद्री प्राणियों को सर्वाधिक नुकसान होता है। इतिहास साक्षी है कि युद्ध कभी स्थायी समाधान नहीं देता है। प्रथम और दूसरे विश्व युद्धों ने मानवता का विनाश ही किया है। लाखों लोगों की मौते हुई हैं और देश की अर्थव्यवस्था बरबाद हुई है। मानवता का भविष्य तभी सुरक्षित रह सकता है, अगर युद्ध के मैदान में दिख रहे देश कुटनीतिक, बातचीत के द्वारा अपने मतभेदों को दूर करने का मार्ग अपनाएं। युद्ध तो विनाश ही दिखाता है। जबकि, वार्तालाप शांति और विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। समय का तकाजा है कि सभी देश धैर्य के साथ संयम रखे और युद्ध के बदले शांति और सहयोग की ओर आगे बढ़े। यह श्रेष्ठ मानवता के हित में होगा।

# आभासी दुनिया से बचपन को सुरक्षित रखने की पहल



-:ललित गर्ग:-

डिजिटल युग में मानव जीवन की गति और स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संचार, शिक्षा, मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का बड़ा हिस्सा अब आभासी माध्यमों के सहारे संचालित होने लगा है। इस परिवर्तन ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। इसी संदर्भ में भारत के तकनीकी रूप से अग्रणी राज्य कर्नाटक ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल करते हुए सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को सामाजिक माध्यमों के उपयोग से दूर रखने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र में यह घोषणा की कि किशोर आयु वर्ग के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कठोर नियम बनाए जाएंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बचाना और उनके स्वस्थ मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। एक अनुकरणीय पहल है, जिससे प्रेरणा लेते हुए अन्य प्रांतों को भी बचपन को सोशल मीडिया के खतरों से बचाने की दिशा में सार्थक उपक्रम करने चाहिए।

कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था।

विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है। अनेक सर्वेक्षण बताते हैं कि कई देशों



में तेरह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन तीन से छह घंटे तक आभासी माध्यमों पर समय बिताते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनकी पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संवाद और शारीरिक गतिविधियों पर पड़ता है। ध्यान और एकाग्रता की क्षमता में कमी आने से अध्ययन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बच्चों का स्वाभाविक बचपन, जो खेलकूद, मित्रता और प्रकृति के साथ जुड़ाव से समृद्ध होता है, वह धीरे-धीरे कृत्रिम आभासी संसार में सिमटता जा रहा है। इसके अतिरिक्त आभासी माध्यमों के माध्यम से साइबर उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी जैसी समस्याएं भी तेजी से ब? रही हैं। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे जाल में फंस जाते हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अनुचित सामग्री भी बच्चों के मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए आभासी दुनिया के बढ़ते प्रचलन पर केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है।

हालांकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आते हैं। आज के समय में स्मार्टफोन और विभिन्न अनुप्रयोग शिक्षा और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अनेक विद्यालय असाइनमेंट, सूचना और संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। ऐसे में यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि किसी बच्चे द्वारा किया गया उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से है या सामाजिक उद्देश्य से। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न आयु सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यह सुनिश्चित करना कि कोई बच्चा वास्तव में तेरह या सोलह वर्ष से कम आयु का है, तकनीकी दृष्टि से एक जटिल कार्य है। यदि तकनीकी कंपनियां इस दिशा में सहयोग नहीं करती हैं तो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो सकता है। अनेक परिवारों में एक ही मोबाइल फोन का उपयोग परिवार के कई सदस्य करते हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों तक पहुंच को पूरी तरह रोकना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी इन कठिनाइयों के बावजूद यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाती है। वास्तव में बच्चों को आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण एवं जागरूकता अभियान अपनाना आवश्यक होगा। इसमें सरकारों, विद्यालयों, तकनीकी मंचों और अभिभावकों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सरकारों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियां बनाएं और तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिसमें बच्चों की आयु का सत्यापन प्रभावी ढंग से किया जा सके। विद्यालयों को भी छात्रों को डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका तो सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों के व्यवहार और आदतों का निर्माण परिवार में ही होता है। यदि माता-पिता स्वयं डिजिटल संयम का उदाहरण प्रस्तुत करें और बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, तो आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है। खेलकूद, पठन-पाठन, संगीत, कला और प्रकृति के साथ जुड़ाव जैसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं। यदि बचपन में ही इन सकारात्मक आदतों का विकास किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से आभासी माध्यमों पर निर्भरता से दूर रह सकते हैं। समाज को भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों के लिए स्वस्थ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सके।

आज यह स्पष्ट हो चुका है कि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ डिजिटल अनुशासन की भी आवश्यकता है। तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को समृद्ध बनाना होना चाहिए, न कि उसे मानसिक और सामाजिक संकटों की ओर धकेलना। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। यदि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं और केंद्र सरकार इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर का कानून बनाने पर विचार करे, तो यह भविष्य की पी?यों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। लगातार बिगड़ती स्थितियों के बीच निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार ब? है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वास्तव में बच्चों का बचपन केवल आभासी दुनिया में खो जाने के लिए नहीं है। उनका बचपन कल्पनाओं, खेल, सीखने और सृजन की संभावनाओं से भरा हुआ होना चाहिए। यदि समाज और शासन मिलकर यह सुनिश्चित कर सकें कि बच्चों का बचपन सुरक्षित, संतुलित और सृजनात्मक वातावरण में विकसित हो, तभी हम एक स्वस्थ, संवेदनशील और सशक्त भविष्य की कल्पना कर सकते हैं।

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-110092
मो. 9811051133

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 400 : राजसभा में एकत्र सभासद, शत्रुघ्न जी की प्रतीक्षा

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



अयोध्या के सभाभवन में कुमार भरत,माता कौशल्या, माता सुमित्रा और माता कैकेई अपने-अपने आसन पर विराजमान हैं। सभा के ठीक मध्य से थोड़ा पीछे एक भित्ति की ओर ऊंचाई में राजस्थान है, जहाँ अयोध्या के सूर्यवंशी राजाओं के बैठने का रत्नजड़ित राज सिंहासन है। सिंहासन के पीछे वाली भित्ति पर भगवान सूर्यदेव की विशाल आकृति है। आयताकार कक्ष के दोनों ओर राज्य के प्रमुख सभासद और गणमान्य नागरिक बैठे हैं। राज सिंहासन के अग्रभाग से मुख्यद्वार के मध्य में पैदल चलने का स्थान है। मुख्य द्वार के पास सजग प्रहरी आगंतुकों के प्रवेश का सूक्ष्मता से अवलोकन कर रहे हैं। इस विशाल कक्ष की अलंकृत भित्तियाँ इसकी भव्यता और सुंदरता को अभिव्यक्त करने वाली हैं। आज यह कक्ष है अवश्य किंतु इसकी जीवंतता खो गई है। महाराज दशरथ के शोक में सभासदों की आँखें नम हैं। राजसिंहासन रिक्त है। अन्य दिनों में महाराज दशरथ के प्रवेश के समय द्वारपाल उनके आगमन की सूचना दिया करते थे। आज इसकी संभावना नहीं है।

थोड़ी देर बाद निस्तब्ध सभा कक्ष में हलचल हुई और गुरु वसिष्ठ ने प्रवेश किया। सभासदों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। राजपरिवार के सदस्यों ने भी ऐसा ही किया। प्रवेश करते ही गुरु वसिष्ठ का आसन राज सिंहासन के बाईं ओर दिखाई देता है। राजा की दृष्टि अपने दाहिने हाथ में गुरु की आसंदी पर विराजमान गुरु वसिष्ठ पर जाया करती है और गूढ़ - जटिल प्रश्नों का भी उन्हें समाधान मिल जाया करता है, किंतु आज वे स्वयं निरुत्तर हैं। गुरु वसिष्ठ ने अपना आसन ग्रहण किया।

गुरु वसिष्ठ ने भरत जी की ओर देखा और शत्रुघ्न जी के रिक्त आसन की ओर संकेत करते हुए पूछा कि वे कहाँ हैं?

## सामयिक चर्चा

# मार्के की बात

बानी बोले-''गजाधर!
ईरान-अमेरिका के युद्ध की खबर
रोज-रोज पढ़कर
आज मेरा ध्यान
उस बात की ओर
आकर्षित हो रहा है,
आर.एस.एस. प्रमुख
मोहन भागवत जी ने
जिस बात को
युद्ध रोकने के सम्बंध में कहा है
कि दुनिया में
युद्ध और संघर्ष
इसलिए नहीं रूक रहे हैं
क्योंकि मानवता
एकत्व के सत्य को भूल गई है।
भागवत जी ने कितनी बढ़िया,
मार्के की बात कही है यार!
अब छग गजाधर! इस पर
आपके भी सुनना चाहते हैं विचार।''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी।''
और देश को चलाने वाले
एकत्व के सत्य को भूलने वाले
राष्ट्राध्यक्षों में
समहित हो गया है अहंकार।''

*मंगलवार 10 मार्च 2026*




गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -338

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| बा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू क्र.338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.337 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कथंनी

# महतारी के मया

एक झन डोकरी अऊ डोकरी राहे। अऊ वोकर एक झन बेटा राहे। तीनो झन बने जिन्दगी पहावत रहिस। थोकिन दिन पाछू डोकरा के मऊत होगे। डोकरी ह बनिभूति कमा के लईका के पढ़ई लिखई कपड़ा लत्ता जम्मों सऊख ल पुरा करय। अऊ वो जवान बेटा ह किजर किजर के खाय, बूता काम कुछु नई करय। अऊ गलत संग म परके शराबी जुहारी होगे। अऊ रोज गलत नशा के सेती तबियत बिगडगे। डाक्टर किहिस येकर किड़नी खराब होगे हे। वोला बदले ल परही नही ते एकर जान चल दिही। तब डोकरी किहिस नहीं मोर बेटा ल कुछु नई होय। मोर बेटा ल मय अपन किडनी ल देहु। बेटा मोर परान के पियारा हे। अऊ अपन किड़नी ल देके बेटा के परान ल बचा डारिस। अऊ बने होय ले अपन बेटा के बिहाव घलो कर दिस। फेर थोकिन दिन तीनों परानी बने सुनता ले रिहीस। तहन मया मोहनी म भुला के महतारी ल भुलागे। सेवा जतन घलो बिसरागे। अऊ बाई के बुध म आके महतारी ल घर ले निकाल दिस अऊ किहिस जा दुनिया म जीबे, हम तोला नई पोस सकन। डोकरी ह शहर म जाके भीख मांग के जीये। अऊ बेटा के सुरता म रोवय। अऊ एती पईसा कौड़ी नई रहे के सेती दवई पानी नई होय पाईस तब बेटा के तबियत फिर से बिगड़गे। अऊ वोकर घरवाली हर ऐती ओती मांग झांग करिस पर कहु करा पईसा नई मिलिस, बीमारी ह दिनो दिन बढ़त गिस। जब महतारी ल खबर मिलीस कि ओकर बेटा बीमार हे। तब महतारी हर भीख के कुछ हिस्साल बचा बचा के राखे राहे। तेन पईसा ल बेटा के तन म लगा के भगवान ले पराथना करथे। ईही मोर परान के अघारा ये, आंखी के तारा ये। परभु मोर लईका ल बने करदे। दुवा अऊ दवा के परभाव ले वोकर बेटा बने होगे। अऊ जब जम्मो बात ल जानिस तब महतारी ल पोटार के रो डारिस। अऊ कथे मोर ले गलती होगे बेटा चाहे कतको अनहित करय, महतारी बेटा बर करथे दया, इही ल तो कहिथे महतारी के मया।



आनंदराम सार्वा अनंत
कु.बो. भाठागांव

## राशिफल



**मेष**

आज आप एक कुशल रणनीतिकार के रूप में उभरेंगे। पर्दे के पीछे रहकर गोपनीय डेटा को संभालना या पुरानी गलतियों को सुधारना आपको पेशेवर बढ़त दिलाएगा। साथियों के साथ बातचीत में स्पष्टता रखें। वित्तीय जांच-परख के लिए दिन अच्छा है। पुराने टैक्स, बीमा या संयुक्त खातों की समीक्षा करना लाभदायक रहेगा।



**वृष राशि**

करियर में आज बड़ी हलचल हो सकती है। दशम भाव की ऊर्जा ऑफिस में काम का दबाव बढ़ा सकती है, जिससे अधिकारियों का व्यवहार अनिश्चित रहेगा। वक्री बुध के कारण लिखित समझौतों को ही प्राथमिकता दें। दीर्घकालिक निवेश की योजना बनाने के लिए दिन श्रेष्ठ है। सुख-सुविधाओं और दिखावे पर धन खर्च करने से बचें।



**मिथुन**

रिसर्च और डेटा मैनेजमेंट से प्रोग्रेस होगी। फाइल्स में छोटी गलतियों को पकड़ने की आपकी क्षमता आपको दूसरों से आगे रखेगी। वक्री बुध के कारण किसी भी महत्वपूर्ण कम्युनिकेशन को दोबारा जांचना अनिवार्य है। खर्च पर नियंत्रण रखना आज सबसे बड़ी चुनौती होगी। तकनीकी खराबी या यात्रा पर धन खर्च हो सकता है।



**कर्क**

आपकी तरक्की टीम के साथ तालमेल बिठाने और कूटिनीति के प्रयोग पर टिकी है। वक्री बुध आपको किसी पुराने अधूरे प्रोजेक्ट को फिर से शुरू करने की प्रेरणा देंगे, जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। अचानक फाइनेंशियल सूचना से मन थोड़ा विचलित हो सकता है। पुराने निवेश या पैतृक संपत्ति की योजनाएं सफल हो सकती हैं।



**सिंह**

करियर में आज की स्थिति संभालें रखना आज की सबसे बड़ी सफलता है। पेशेवर तूफानों के बीच धैर्य रखें और बड़े बदलावों के बजाय चल रहे कार्यों को व्यवस्थित करने पर पूरा जोर दें। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन घर की साज-सज्जा या मरम्मत पर अचानक खर्च होने की संभावना है।



**कन्या**

अनुशासन और सूक्ष्म विश्लेषण से तरक्की होगी। मुश्किल प्रोजेक्ट्स को व्यवस्थित करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी, जिसकी उच्चाधिकारियों द्वारा सराहना की जाएगी। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। कानूनी या फाइनेंशियल स्रोतों पर हस्ताक्षर करने से पहले उन्हें बारीकी से पढ़ लें। बचत की नई योजनाएं बनाने के लिए समय अनुकूल है।



**तुला**

करियर में आपकी क्रिएटिव सोच और शालीन व्यवहार आपको कॉम्पिटिटर्स से आगे रखेगा। वक्री बुधदेव आपको पुराने निवेशों और करियर के पिछले लक्ष्यों की समीक्षा करने का अवसर देंगे। आर्थिक पक्ष संतुलित रहेगा। भविष्य की सुरक्षा के लिए किसी ठोस और सुरक्षित बचत योजना पर विचार करने का यह सही समय है।



**वृश्चिक**

पर्दे के पीछे रहकर काम करना या गहन शोध से जुड़े कार्यों में आज आपको बड़ी कामयाबी मिल सकती है। अपनी भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखना ही आपकी जीत सुनिश्चित करेगा। अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त हो सकते हैं, लेकिन उधार के लेन-देन से बचना जरूरी है। संपत्ति या घर की मरम्मत पर खर्च की योजना बन सकती है।



**धनु**

साहस के साथ पुराने लंबित कार्यों को निपटाना ही आज की प्राथमिकता होनी चाहिए। वक्री बुध की वजह से संचार माध्यमों या मेल में गड़बड़ी हो सकती है, इसलिए महत्वपूर्ण सूचनाओं की पुष्टि जरूर करें। आमदनी सामान्य रहेगी, लेकिन कुछ अचानक खर्च सामने आ सकते हैं। बजट को सख्त रखना आपकी आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी है।




**मकर**

आपकी सोच और मैनेजमेंट स्किल्स करियर को नई ऊंचाई देगी। पुराने लाभदायक संपर्कों के फिर से सक्रिय होने से पेशेवर जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। लंबे समय के निवेश से लाभ होने के प्रबल योग हैं। वाणी पर नियंत्रण करके आप अपने आर्थिक हितों की रक्षा कर पाएंगे। आर्थिक स्थिरता के लिए आज का दिन काफी पॉजिटिव है।



**कुंभ**

तरक्की के लिए यह एक बदलावकारी समय है। आपकी अपनी राशि में ग्रहों का जमावड़ा आपको लाइमलाइट में लाएगा, लेकिन कार्यशैली में सुधार की गुंजाइश भी देगा। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बजट और एसेट्स को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करें। आपके व्यक्तित्व का प्रभाव नए अवसर खींचेगा।



**मीन**

आज तरक्की गहन रिसर्च और स्वतंत्र रूप से किए गए कार्यों से होगी। अंतरराष्ट्रीय संबंधों या तकनीकी शोध में सफलता के संकेत हैं। पुरानी शिक्षा या ज्ञान का उपयोग करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। खर्च पर अंकुश रखें क्योंकि दान-पुण्य या स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर धन व्यय हो सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

# अमलीडीह पंचायत में विकास की आड़ में बिल का खेल : एक ही दुकान के फर्जी बिलों से लाखों की बंदरबांट!

**बिना जीएसटी और टिन नंबर के सादे बिलों पर निकाला पैसा, पंचायत कर्मी और दुकानदार की सांठ-गांठ का अंदेशा**

ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमलीडीह इन दिनों विकास कार्यों में बरती जा रही भारी अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) से हुए खुलासे ने पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि पंचायत कर्मियों और एक खास दुकानदार ने मिलकर नियमों को ताक पर रखते हुए सरकारी राशि का जमकर दुरुपयोग किया है।

### एक ही दुकान पर मेहरबान पंचायत

आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, पंचायत में कराए गए निर्माण और रखरखाव कार्यों के अधिकांश बिल ठेलकाडीह स्थित एक ही इलेक्ट्रीकल्स एवं सबमर्सिबल पंप की दुकान के लगाए गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि दर्जनों बिलों में न तो जीएसटी नंबर है और न ही टिन नंबर आदि इन सादे कागजी बिलों के आधार पर पंचायत के खाते से लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया, जो सीधे तौर पर वित्तीय नियमों का उल्लंघन है।

जांच में एक चौंकाने वाला तथ्य यह भी सामने आया है कि कुछ फर्म के संचालकों ने स्वयं स्वीकार किया है कि उनके नाम पर बिना कोई सामान सप्लाई किए या बिना कार्य किए ही बिल लगा दिए गए हैं। वहीं कुछ ऐसी फर्में भी कागजों में दिखाई गई हैं। जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व ही नहीं है। सूत्रों का कहना है कि कमीशनखोरी के चक्कर में दुकानदार ने नियमों के विरुद्ध जाकर पंचायतों में रेवड़ी की तरह बिल बांटे हैं। ठेलकाडीह में इलेक्ट्रीकल्स की कई दुकानें होने के बावजूद केवल एक ही दुकान से लगातार लेनदेन करना मिलीभगत की ओर इशारा करता है। चर्चा है कि पंचायत कर्मियों और उक्त दुकानदार के बीच लंबे समय से कमीशन का खेल चल रहा है। जिसके चलते सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है।

> मुझे इस पंचायत में आए अभी केवल तीन से चार माह ही हुए हैं। पुराने समय में किन बिलों का भुगतान हुआ है और उनमें या खामियां हैं। इस संबंध में मुझे वर्तमान में जानकारी नहीं है।
>
> — **विजय कुमार वर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत अमलीडीह**

# सफाई कर्मचारी एकजुट होकर संघर्ष करें, तभी मिलेगा पूर्णकालिक कर्मचारी का दर्जा : यदु



**छुरिया ब्लॉक इकाई का होली मिलन समारोह संपन्न, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगठन को मजबूत करने का संकल्प**

कल्लूबंजारी (दावा)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के गौरवमयी अवसर पर स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ, ब्लॉक इकाई छुरिया के तत्वावधान में ग्राम जरहामाहका के शाला प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और अपने हक की लड़ाई को संगठित होकर लड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यदु ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों का कार्य छोटा नहीं होता। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों को अपनी मांगों को न्यायसंगत प्रमाणित करते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। आप सभी को एकजुट होकर पूर्णकालिक कर्मचारी का दर्जा प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों का संगठन सफाई कर्मचारियों के हर संघर्ष में सहभागी रहेगा।

### बिना संघर्ष के अधिकार मिलना मुश्किल

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुरेटी 'दिलेर' ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि बिना लंबे संघर्ष के किसी भी अधिकार की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने शिक्षकों के संविलियन और पुरानी पेंशन की लड़ाई का उदाहरण देते हुए कहा कि एकता में ही शक्ति है और मार्गदर्शन के लिए वे हमेशा तैयार हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी पूना सिन्हा, जयचंद पाटिल, प्रधानपाठक दिनेश सिन्हा और जितेन्द्र पटेल ने भी सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मांग पूरी होने तक संगठन को टूटने न दें। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष गोविंद मंडावी ने दिया। जबकि सफल संचालन एवन सहारे और आभार प्रदर्शन सचिव ढालसिंह ने किया। इस अवसर पर ग्राम पटेल दानीराम सिरमौर, सलाहकार अजय मसराम, यैतराम साहू, जोन प्रभारी भूपेन्द्र निषाद, योगेश वैष्णव, चेतन साहू, कन्हैया बसु, अमरसिंह कोर्राम और कोटवार दुरदेशी राम साकरे सहित छुरिया ब्लॉक के स्कूल सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

# डबल इंजन सरकार में महंगाई ने तोड़ी आम जनता की कमर : चुम्मन साहू



छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस के महामंत्री चुम्मन साहू ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि देश में डबल इंजन सरकार के नाम पर आम जनता को केवल बेतहाशा महंगाई की सौगात मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती कीमतों ने मध्यम और गरीब वर्ग का जीना मुहाल कर दिया है, जबकि सरकार मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। चुम्मन साहू ने कहा कि रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, आटा, दाल और सब्जियों सहित रोजमर्रा की हर वस्तु की कीमत अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। महंगाई के कारण घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे कर जनता को सुनहरे सपने दिखाए जाते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही जनता की जेब पर डाका डाला जाता है।

### गलत आर्थिक नीतियों का नतीजा

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रही है। सच्चाई यह है कि सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का खामियाजा आज पूरा देश भुगत रहा है। एक तरफ बेरोजगारी चरम पर है, तो दूसरी तरफ पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने मालभाड़ा बढ़ाकर हर छोटी-बड़ी वस्तु को महंगा कर दिया है। साहू ने केंद्र सरकार से मांग की है कि रसोई गैस और ईंधन की कीमतों पर तुरंत नियंत्रण कर आम जनता को राहत दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले समय में जनता इस आर्थिक उत्पीड़न का करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

# 12 साल की सेवा को शून्य मानना लिपिकों के साथ अन्याय - राजेन्द्र खण्डेलवाल



अंबागढ़ चौकी (दावा)। स्वास्थ्य विभाग में सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों की पदोन्नति और वरिष्ठता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य लिपिक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेलवाल ने विभागीय निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई है। खण्डेलवाल का कहना है कि विभाग द्वारा पिछले 12 वर्षों से कौशल परीक्षा आयोजित नहीं की गई। जो स्पष्ट रूप से प्रशासनिक विफलता है। इसकी सजा अब उन कर्मचारियों को दी जा रही है जिन्होंने एक दशक से अधिक समय तक सेवाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि नियमों के अनुसार यह परीक्षा हर वर्ष या छह माह में आयोजित की जानी चाहिए थी, लेकिन रायपुर संभाग सहित अन्य क्षेत्रों में 2013 से नियुक्त अनुकंपा कर्मचारियों के लिए परीक्षा नहीं कराई गई। अब कर्मचारियों द्वारा परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनकी वरिष्ठता नियुक्ति तिथि के बजाय वर्ष 2026 से मानी जा रही है, जिसे संघ ने नियम विरुद्ध बताया है। संघ का कहना है कि अधिकारियों की चूक के कारण कर्मचारियों की 12 साल की सेवा को शून्य मान लिया गया है। इससे उनकी वरिष्ठता के साथ-साथ समयबद्ध वेतन वृद्धि और अन्य आर्थिक लाभ भी प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने सवाल उठाया है कि जब परीक्षा आयोजित करना विभाग की जिम्मेदारी थी तो समय पर परीक्षा न कराने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। स्वास्थ्य लिपिक संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों की वरिष्ठता उनकी पात्रता तिथि से निर्धारित की जाए और उन्हें काल्पनिक वेतन वृद्धि (नोशनल इंक्रीमेंट) का लाभ दिया जाए। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वरिष्ठता निर्धारण में सुधार नहीं किया गया, तो इस मुद्दे को लेकर आंदोलन किया जाएगा। जल्द ही उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपने की भी तैयारी की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : रानी रश्मि देवी महाविद्यालय की छात्राओं ने कबड्डी में जीता द्वितीय स्थान

खैरागढ़ (दावा)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के गौरवशाली अवसर पर रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय, खैरागढ़ की छात्राओं ने खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस विशेष आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष चंद्राकर उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रशासन और अतिथियों द्वारा विजेता टीम की सराहना की गई। छात्राओं की इस सफलता में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे का विशेष मार्गदर्शन रहा। खेल के मैदान पर छात्राओं को तकनीकी रूप से तैयार करने और उनका मनोबल बढ़ाने में खेल अधिकारी टेकराम डोंडे एवं ग्रंथपाल विनय चौहान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बीटीआई के पूर्व छात्रों ने मनाया भव्य एलुमनी मीट, 36 साल बाद फिर लौटे छात्र जीवन के सुनहरे दिन



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय बीटीआई के पूर्व छात्रों द्वारा बीते दिवस एक भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 1990 से 1901 में अध्ययनरत शिक्षार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वर्षों बाद एक साथ मिले साथियों ने अपने छात्र जीवन के दिनों को याद करते हुए पुरानी यादों को साझा किया और एक दूसरे से मिलकर खुशी व्यक्त की। स्थानीय देवांगन समाज भवन में आयोजित एलुमनी मीट कार्यक्रम का शुभारंभ मां परमेश्वरी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण से हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि बीटीआई के तात्कालिन शिक्षक यशवंत गहरवार तथा शिक्षिका श्रीमती डी. आर्या थी। एक लंबे समय बाद मिलने से गदगद प्रशिक्षार्थियों ने एक दूसरे के सुख-दुख के अलावा अपना-अपना परिचय देते हुए अपने वर्तमान जीवन के बारे में भी जानकारी साझा की। इस दौरान अनेकों ने अपने शैक्षणिक काल के संस्मरणों को भी सुनाया। वहीं बतौर अतिथि उपस्थित श्री गहरवार व श्रीमती आर्या ने सभी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने सभी से जीवन के इस पड़ाव में अच्छे बुरे अनुभवों के बीच आगे के जीवन को आनंद और मस्ती के साथ बिताने के सुझाव दिए। शासकीय कार्य से सेवानिवृत्त हो चुके श्री गहरवार ने यहां तक कहा कि कभी अपने उम्र के बारे में नहीं सोचना। अभी भी अपने आपको युवा ही समझते हुए कार्य करें तो हमारा जीवन ज्यादा सुखमय और आनंदकारी होगा।

इस दौरान अनेकों पूर्व शिक्षार्थियों ने अपने वर्तमान कार्यक्षेत्र और उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी तथा सभी को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। एलुमनी मीट में मिले शिक्षार्थियों के बीच माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और भावनात्मक भी रहा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने अपने पुराने मित्रों और शिक्षकों के साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक भी हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समूह फोटो खिंचवाकर इस यादगार पल को संजोया और इस आयोजन का संयोजन करने वाले सार्थियों के प्रति हृदय से कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम का संचालन हरिश शर्मा ने तथा आभार बालकृष्ण सिन्हा ने किया। सभी ने बहुत जल्द एक और वृहद मिलन समारोह करने पर अपनी सहमति जताई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तम सिंग साहू, योगराज साहू, संतोष देवांगन, सुधेश जैन, राधेश्याम देवांगन, बसंत साहू, बालक नागेश्वर, रमाकांत कसेर, श्रीमती मंजू जैन, रंजूलता जैन, बरखा बाफना, गंगा साहू, अलखराम चंद्रवंशी, चंद्रशेखर साहू, दिनेश्वर साहू, सुरेंद्र बोरकर, मनखुशीराम साहू, गोरेलाल पटेल, ललित साहू, रामकुमार देवांगन, महेश्वर साहू, उत्तमलाल साहू, मेहन्दूराम पटेल, मेहेतराम सोनकर, नरोत्तम कमरिया, जितेन्द्र माली, रमेश सिन्हा, शैलेन्द्र शर्मा, भोजगिरी गास्वामी, ज्ञानेश्वर बर्गिल, ब्रम्हाजी देवांगन, भुनेश्वर साहू, थानूराम मोटघरे, संजय खाण्डेकर, कमल देवांगन, द्वारिका साहू, ओंकार सार्वा, किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में पूर्व प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

# विधायक यशोदा वर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाएगा, साहित्यकारों का होगा सम्मान



खैरागढ़ (दावा)। क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर छुईखदान में भव्य सम्मान समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के साहित्यकारों तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान भी किया जाएगा।

विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की विधायिका यशोदा नीलांबर वर्मा का जन्मदिन छुईखदान स्थित मंगल भवन में दोपहर 12:30 बजे जिलेवासियों की उपस्थिति में केक काटकर मनाया जाएगा। इसके साथ ही विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा को मोतीचूर के लड्डुओं से तौलकर विशेष सम्मान दिया जाएगा। इसके बाद विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा जिले के नागरिकों और कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात करेगी। कार्यक्रम में जिले से पहुंचे साहित्यकारों का सम्मान किया जाएगा तथा साहित्यकारों द्वारा कविता पाठ भी किया जाएगा। दो बार की लोकप्रिय विधायक के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिले भर के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विधायक के जन्मदिन को यादगार बनाएं।

# आज दिव्यांगों को नि:शुल्क सहायक उपकरण हेतु मूल्यांकन शिविर, मंडी परिसर में जुटेंगे हितग्राही




**डोंगरगढ़ नगर पालिका और जनपद पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले होंगे पात्र**

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को सुगम जीवन और सशक्तिकरण का उपहार देने के उद्देश्य से आज 11 मार्च (बुधवार) को डोंगरगढ़ में एक विशेष मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा आयोजित है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिलेन्द्र भोई ने बताया कि शिविर स्थानीय विश्राम गृह के पास, वार्ड क्रमांक 24 स्थित मंडी परिसर में आयोजित होगा। शिविर का समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी पार्षदों को पत्र के माध्यम से सूचित कर गरिमामयी उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

शिविर में विशेषज्ञों की टीम द्वारा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले हितग्राहियों का परीक्षण कर उन्हें निम्नलिखित उपकरणों हेतु चिह्नित किया जाएगा। जिसमें मोटराइज्ड ट्रायसायकल, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर (बच्चे/व्यस्क) और जॉयस्टिक व्हीलचेयर, बैसाखी (4 प्रकार), वॉकिंग स्टिक (एडजेस्टेबल), रोलेटर और कैलीपर्स/कृत्रिम अंग, ब्रेल केन, ब्रेल किट, सुगम्य केन, श्रवण यंत्र और विशेष सेल फोन, सीपी चेयर और टीएलएम किट आदि वितरित किए जाएंगे।

### पात्रता एवं अनिवार्य दस्तावेज

शिविर का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों को निम्नलिखित मापदंडों को पूरा करना होगा। जिसमें मासिक आय 22,500 रुपये से कम होनी चाहिए (आय प्रमाण पत्र साथ लाएं), 40 प्रतिशत से अधिक का प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य), आधार कार्ड की छायाप्रति, एक सक्रिय मोबाइल नंबर संलग्न करना होगा। नगर प्रशासन ने क्षेत्र के सभी पात्र दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर स्थल पर पहुंचकर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाएं।

# महाबोधि महाविहार को बौद्धों के आधिपत्य में सौंपने की मांग, महिला सशक्तिकरण संघ ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**1949 के अधिनियम को बताया काला कानून, मक्का-मदीना और स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर संचालन की मांग**

डोंगरगढ़ (दावा)। बिहार के बोधगया स्थित विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महाबोधि महाविहार के पूर्ण प्रबंधन और संचालन को बौद्ध समाज के हाथों में सौंपने की मांग को लेकर महिला सशक्तिकरण संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पद्मा मेश्राम के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और बिहार के राज्यपाल के नाम डोंगरगढ़ तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पद्मा मेश्राम ने शासन-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जिस तरह मुसलमानों के लिए मक्का-मदीना, ईसाइयों के लिए यरूशलेम और सिखों के लिए स्वर्ण मंदिर उनके अपने धार्मिक आधिपत्य और प्रबंधन में हैं। उसी प्रकार बौद्धों के सबसे पवित्र तीर्थ स्थल महाबोधि महाविहार को भी महंतों के कब्जे से मुक्त कर बौद्ध समाज को सौंपा जाना चाहिए।

### 1949 के अधिनियम का विरोध

संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि वर्ष 1949 में बना बोधगया मंदिर अधिनियम एक असंवैधानिक काला कानून है। बौद्ध अनुयायी लंबे समय से इस मांग को लेकर आंदोलनरत हैं कि उनके पवित्र स्थल का संचालन उनके अपने समाज द्वारा किया जाए। उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार से इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान भन्ते कुमार कश्यप और भंते नागानंद सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से अमिताभ दुफारे, नलिनी मेश्राम, प्रभा चंद्रिकापुरे, अनिल सहारे, शोभा नंदेश्वर, विक्की जांभुलकर, अरुणा गजभिये, अनिता सहारे और अन्य कार्यकर्ताओं ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया।

# रेल टिकटों की कालाबाजारी पर आरपीएफ का सर्जिकल स्ट्राइक, राजनांदगांव सहित 7 दलाल गिरफ्तार



**ऑपरेशन उपलब्ध के तहत नागपुर मंडल में बड़ी कार्रवाई, हजारों के लाइव और पुराने टिकट बरामद**

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टिकट दलालों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। 6 मार्च से 9 मार्च तक चले विशेष अभियान के दौरान राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों से 7 टिकट दलालों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इन दलालों के पास से पर्सनल यूजर आईडी के जरिए बनाए गए हजारों रुपये के लाइव और पुराने टिकट जब्त किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों ने राजनांदगांव आरक्षण कार्यालय में संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच करने पर उसके मोबाइल से 14 ई-टिकट बरामद हुए। जिनकी कुल कीमत 16,956 रुपये पाई गई। आरोपी यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे अतिरिक्त वसूली कर रहा था।

### लैपटॉप और मोबाइल जब्त

अभियान के दौरान आरपीएफ ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। बालाघाट (लामटा) : तनमय एमपी ऑनलाइन के संचालक तनमय जैन को पकड़ा गया। वह अधिकृत एजेंट न होते हुए भी पर्सनल आईडी से टिकट बनाकर प्रति यात्री 50 से 80 रुपये अतिरिक्त वसूलता था। उसके पास से 77,243 रुपये के टिकट और लैपटॉप जब्त किए गए। गोंदिया: अजय कावडे के मोबाइल से 75,299 रुपये मूल्य के 15 तत्काल एवं प्रीमियम तत्काल टिकट बरामद किए गए। नागपुर (नवेगांव): रोहन मेहर को अवैध व्यापार करते पाया गया। जिससे 66,088 रुपये की कुल जब्ती की गई। अन्य कार्रवाई में भोमा, निवारी और महाराजपुर में भी ऑनलाइन सेंटर संचालकों पर रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत कार्रवाई की गई।

### ऑपरेशन उपलब्ध के तहत सख्त निगरानी

यह कार्रवाई महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुन्नवर खुर्शीद (बिलासपुर) के निर्देशन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त दीप चन्द्र आर्य (नागपुर) के मार्गदर्शन में की गई। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारी सीजन और गर्मी की छुट्टियों का लाभ उठाकर दलाल सक्रिय हो जाते हैं। यात्रियों को लुटने से बचाने के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। रेलवे प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी यात्रा के लिए केवल आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट या अधिकृत रेलवे काउंटर से ही टिकट बुक कराएं। किसी भी अनधिकृत व्यक्ति या पर्सनल आईडी से टिकट खरीदना न केवल जोखिम भरा है। बल्कि जांच के दौरान पकड़े जाने पर टिकट रद्द भी किया जा सकता है।

# पाडेटोला में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया कलामंच और अहाता निर्माण का भूमिपूजन



छुरिया (दावा)। विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पांडेटोला में विगत दिनों कालामंच और अहाता निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, सोहन साहू अध्यक्ष भाजयुमों मंडल छुरिया, नकुल नेताम प्राधिकृत अधिकारी सेवा सहकारी समिति भोलापुर, प्रकाश मोटघरे जनपद सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। एक संक्षिप्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि ग्रामीणों की मांग को दृष्टिगत रखते कार्य की स्वीकृति दिलाई हाई है। उक्त कलामंच के निर्माण हो जाने से गांव में धार्मिक आयोजन, गणेश, दुर्गा, शादी समारोह सहित अनेक कार्यक्रम में इसका उपयोग होगा। साथ ही स्कूल के अधूरे आहता निर्माण भी पूर्ण हो जाएगा। उपरोक्त दोनों कार्य हेतु पांच लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस कार्यक्रम को प्रकाश मोटघरे, सोहन साहू, नकुल नेताम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कीर्तन साहू सरपंच, टेकराम साहू सहित पंचगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार में जोरदार रिकवरी, सेंसेक्स 640 और निफ्टी 234 अंक उछला

नई दिल्ली। मिडल-ईस्ट में जारी जंग के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज जोरदार रिकवरी देखने को मिली। मंगलवार को बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंकों (0.82 प्रतिशत) की उछाल के साथ 78,205.98 अंकों पर बंद हुआ। जबकि, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 233.55 अंकों (0.97 प्रतिशत) की तेज बढ़त के साथ 24,261.60 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि सोमवार को बाजार में बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी। इतना ही नहीं, पिछले हफ्ते भी घरेलू शेयर बाजार में भारी-भरकम गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि, निवेशकों ने आज राहत की सांस ली है। मंगलवार को सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 6 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की भी 50 में से 41 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 9 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर आज सबसे ज्यादा 3.67 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि इन्फोसिस का शेयर आज सबसे ज्यादा 1.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद अब 'दूल्हा' बनेंगे कुलदीप यादव

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 की ऐतिहासिक जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं है कि टीम इंडिया के खेमे से एक और बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है. भारत के स्टार स्पिनर और 'चाइनामैन' गेंदबाज कुलदीप यादव अब अपनी जिंदगी की सबसे महत्वपूर्ण पारी शुरू करने जा रहे हैं. मैदान पर बल्लेबाजों को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले कुलदीप अब 14 मार्च, 2026 को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं. भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए यह दोहरी खुशी का मौका है. एक तरफ टीम इंडिया ने हाल ही में न्यूजीलैंड को हराकर अपना तीसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीता. वहीं दूसरी तरफ कुलदीप यादव अब अपनी 'लेडी लक' वंशिका के साथ शादी रचाने जा रहे हैं. कानपुर के रहने वाले कुलदीप और वंशिका एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं. सालों की जान-पहचान और दोस्ती के बाद, इस कपल ने 4 जून, 2025 को लखनऊ के एक निजी होटल में सगाई की थी. दिलचस्प बात यह है कि यह शादी पहले नवंबर 2025 में होनी थी, लेकिन जब कुलदीप का चयन टी20 वर्ल्ड कप टीम में हुआ, तो उन्होंने अपनी शादी को आगे बढ़ाने का फैसला किया. कुलदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ किफायती गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में मात्र 14 रन देकर 1 विकेट निकाला था. रिपोर्ट की मानें तो शादी से पहले की रस्में 13 मार्च से शुरू होंगी. हल्दी और मेहंदी की रस्में उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में शुरू होंगी और 14 मार्च को मसूरी के एक आलीशान रिसॉर्ट में कुलदीप और वंशिका सात फेरे लेंगे. मसूरी में एक निजी समारोह के बाद, असली जश्न 17 मार्च को लखनऊ में होगा. लखनऊ के होटल सेंट्रम में एक ग्रैंड रिसेप्शन का आयोजन किया गया है. इस रिसेप्शन में बीसीसीआई के दिग्गज अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य और टीम इंडिया के कई स्टार खिलाड़ियों के पहुंचने की उम्मीद है.

## जंग के बीच भारत बांग्लादेश में भेजेगा 5000 टन डीजल

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में जंग का आज 11वां दिन है। कई देशों में ईंधन संकट छाने लगा है। इसी बीच भारत ईंधन पर बड़ा फैसला लिया है। भारत ने बांग्लादेश को 5000 टन डीजल की आपूर्ति करने का फैसला लिया है। यह फैसला इस समय काफी अहम फैसला माना जा रहा है। मामले में बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसी) के चेयरमैन मोहम्मद रेजानुर रहमान ने एएनआई को बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है और उस समझौते के अनुसार, भारत पाइपलाइन के माध्यम से प्रति वर्ष बांग्लादेश को 180,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा। अभी जो 5,000 टन डीजल आ रहा है, वह उसी समझौते का हिस्सा है। रेजानुर रहमान ने आगे कहा कि समझौते के अनुसार, छह महीनों के भीतर बांग्लादेश में कम से कम 90,000 टन डीजल आयात किया जाना चाहिए। आज जो खेप आ रही है। वह 5,000 टन है। कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले दो महीनों के भीतर हम शेष डीजल भी आयात कर लेंगे। बता दें कि यह डीजल परबतीपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश में प्रवेश करेगा। बांग्लादेश पेट्रोलियम निगम (बीपीसी) के अध्यक्ष मोहम्मद रेजानुर रहमान ने यह जानकारी दी। बताया कि हमारा भारत के साथ एक समझौता है और उस समझौते के अनुसार भारत पाइपलाइन के माध्यम से प्रति वर्ष बांग्लादेश को 180,000 टन डीजल की आपूर्ति करेगा।



# टीम इंडिया के लिए बीसीसीआई ने खोल दिया खजाना, 100 करोड़ से अधिक रकम का ऐलान

**नई दिल्ली। टीम इंडिया के लिए बीसीसीआई ने खजाना खोल दिया है। 8 मार्च को ही भारतीय क्रिकेट टीम ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप 2026 का खिताब अपने नाम किया था। भारतीय टीम को आईसीसी की ओर से जो प्राइज मनी दी जानी थी, वो तो मिली ही है, अब बीसीसीआई ने भी खजाना खोल दिया है। ये रकम कोई छोटी मोटी नहीं है, पता चला है कि पूरे 100 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम का ऐलान किया गया है।**



अब से कुछ ही देर पहले बीसीसीआई सचिव की ओर से इस बारे में ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा है कि टीम इंडिया को 131 करोड़ रुपये के इनाम का ऐलान किया गया है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ICC पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में टीम इंडिया के शानदार अभियान के बाद उनके लिए 131 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

देवाजीत सैकिया ये भी लिखा है कि भारतीय क्रिकेट टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ट्रॉफी जीती। उन्होंने कहा कि इस जीत के साथ भारत ने न केवल सफलतापूर्वक अपने खिताब को बचाने का काम किया, बल्कि ICC पुरुष टी20 विश्व कप को रिटेन (बरकरार रखने) वाली इतिहास की पहली टीम भी बन गई है। इस जीत के साथ, भारत तीन बार ICC पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गया है, जिससे इस फॉर्मेट के इतिहास में सबसे सफल टीमों के रूप में उनका स्थान और मजबूत हो गया है।

सैकिया ने ये भी कहा है कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहायक कर्मचारियों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में निरंतर सफलता की कामना करता है।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने पूरे टी20 विश्व कप 2026 में एक ही मैच हारा और बाकी मैच जीतते चली गई। फाइनल में भारतीय टीम ने 250 से भी अधिक का स्कोर खड़ा किया और न्यूजीलैंड को 96 रन हराने में कामयाबी हासिल की है। टीम इंडिया के विश्व विजेता बनने के दो दिन बाद बीसीसीआई ने इनाम की राशि की घोषणा की।

# भारत ने UNSC में उठाई अफगानिस्तान के लिए आवाज

नई दिल्ली। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (हस्ष्ट) में अफगानिस्तान के लिए आवाज उठाई है। भारत ने ब्रीफिंग के दौरान अफगानिस्तान को प्रभावित करने वाली मानवीय चुनौतियों, सीमा पार हिंसा और व्यापार प्रतिबंधों पर चिंता जताई है।

NSC में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश पर्वतानेनी ने अफगानिस्तान में हताहत नागरिकों , उनकी जबरन वापसी और अफगानिस्तान के लिए व्यापार में बाधाओं समेत कई मुद्दों को उठाया और भारत की ओर से लगातार जारी मानवीय मदद पर प्रकाश भी डाला। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की भी निंदा की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा, ÷आज अफगानिस्तान आने वाला कोई भी विजटर अफगान युवाओं को जोश के साथ क्रिकेट खेलते हुए देखेगा। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जहां भी खेली है, दिल जीत रही है और अभी-अभी खत्म हुए क्रिकेट वर्ल्ड कप में उनका जोश और जुनून देखने लायक था। मेरे देश को उनके सफर का हिस्सा बनने पर गर्व है और उन्हें अफगानिस्तान के लोगों के लिए बहुत खुशी लाते देखकर खुशी हो रही है जो इतना कुछ झेल रहे हैं।

भारत ने हस्ष्ट में कहा- सेक्रेटरी-जनरल की रिपोर्ट में सीमा पार से हथियारों से भरी हिंसा की वजह से आम लोगों के मारे जाने पर भी गहरी चिंता जताई गई है। हम प्रधान सचिव की उस अपील को दोहराते हैं और उसका समर्थन करते हैं जिसमें अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत ज़िम्मेदारियों का पालन करने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून भी शामिल है।

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान, कप्तान की हुई वापसी



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है. ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी. ये ऑस्ट्रेलिया के लिए महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले आखिरी सीरीज होगी. ऑस्ट्रेलियाई टीम में कई बदलाव हुए हैं. 32 साल की ऑलराउंडर को टीम से बाहर कर दिया गया है. इसके अलावा कई स्टार खिलाड़ियों की वापसी हुई है.

ऑस्ट्रेलिया की नई कप्तान सोफी मोलिनेक्स चोट से उबरकर मैदान पर वापसी करेंगी और अब वह वेस्टइंडीज दौरे पर टीम की कप्तानी संभालेंगी. इसके अलावा स्टार ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को इस दौरे से आराम दिया गया है. सिलेक्टर्स ने ये फैसला आगामी महिला टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए लिया है. ताकि वह पूरी तरह फिट होकर मैदान पर वापसी कर सकें.

बता दें कि एलिसा हीली के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलिया टीम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है. सोफी मिलिनेक्स को एलिसा हीली की जगह पर ऑस्ट्रेलिया का नियामित कप्तान बनाया गया है. वह चोटिल चल रही थीं. लेकिन अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज में वापसी करने के लिए तैयार हैं. बतौर कप्तान सोफी की ये पहली सीरीज होने वाली है.

19 मार्च को वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का आगाज होगा, जबकि दूसरा मुकाबला 21 मार्च को खेला जाएगा. वहीं, तीसरा टी-20 मैच 23 मार्च को खेला जाना है. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की वनडे सीरीज वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलने वाली है. पहला मुकाबला 27 मार्च को खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला 29 मार्च को खेला जाएगा. वहीं, वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 4 अप्रैल को खेला जाएगा.

# होटल और रेस्टोरेंट में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर सप्लाई पर रोक, सिर्फ हॉस्पिटल और स्कूलों को ही मिलेगी गैस



नई दिल्ली। अगर आप इस वीकेंड बाहर डिनर पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो एक बार रुकिए. मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध का असर अब सीधे हमारे रसोई गैस सिलेंडरों तक पहुंच गया है. सरकार ने रुक्क्त्र को लेकर बड़े बदलाव किए हैं और स्थिति ऐसी है कि फिलहाल व्यावसायिक गैस की सप्लाई को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है. आखिर क्या है नया आदेश? क्या आपकी रसोई पर भी इसका असर पड़ेगा? आइए, सब कुछ विस्तार से जानते हैं ।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हालिया निर्देशों के बाद गैस वितरण की पूरी रणनीति बदल दी है. अब गैस की प्राथमिकता तय कर दी गई है. फिलहाल सिर्फ अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को ही कमर्शियल रुक्क्त्र सिलेंडर दिए जाएंगे. होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है.

बता दें कि अगर आप घर के लिए रुक्क्त्र सिलेंडर इस्तेमाल करते हैं, तो आपके लिए भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है. पहले आप 21 दिनों में दूसरा सिलेंडर बुक कर सकते थे, लेकिन अब इस समय सीमा को बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है. इसका मतलब है कि आपको अब अपने सिलेंडर का उपयोग अधिक सोच-समझकर करना होगा.

यह समस्या सिर्फ एक शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में है. बेंगलुरु होटल्स एसोसिएशन ने तो यहां तक चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सप्लाई बहाल नहीं हुई, तो उन्हें अपने होटल बंद करने पड़ सकते हैं.

डिस्ट्रीब्यूटर्स का कहना है कि बॉटलिंग प्लांट में कमर्शियल सिलेंडरों की लोडिंग और बिलिंग पूरी तरह ठप हो चुकी है. अब सारा स्टॉक सिर्फ आपातकालीन सेवाओं जैसे अस्पतालों के लिए रिजर्व रखा जा रहा है. फिलहाल सरकार और तेल कंपनियां आयात के अगले शिपमेंट का इंतजार कर रही हैं.

# आईपीएल 2026 के लिए कब होगा शेड्यूल का ऐलान, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया क्यों हो रही है देरी



नई दिल्ली। आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने वाला है। लेकिन इस सीजन को लेकर अभी तक पूरा शेड्यूल सामने नहीं आया है। आईपीएल 2026 के शेड्यूल को लेकर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी सीजन को लेकर शेड्यूल जारी करने में क्यों देरी हो रही है। साथ ही में उन्होंने ये भी बताया कि शेड्यूल कब जारी किया जाएगा। इसके अलावा सैकिया ने ये भी कंफर्म कर दिया है कि पहले सिर्फ 20 दिन का ही शेड्यूल जारी किया जाएगा।

न्यूज एजेंसी के हवाले से देवजीत सैकिया ने कहा कि हम अगले दो-तीन दिनों में आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल हम पहले 20 दिनों का शेड्यूल जारी करेंगे। इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थी जिसमें कहा गया था कि शेड्यूल को दो चरण में जारी किया जाएगा। इसमें ये भी बताया गया था कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने पहले हाफ का शेड्यूल क्लियर कर दिया है। हालांकि फिलहाल सिर्फ शुरुआती 20 दिनों का ही शेड्यूल जारी किया जाएगा। बता दें कि चुनाव के कारण आईपीएल शेड्यूल जारी करने में देरी हो रही है। शेड्यूल को अलग-अलग चरण में भी चुनाव के कारण ही जारी किया जाएगा। आपको बता दें कि 2026 में पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने वाला है, जिसको ध्यान में रखते हुए आईपीएल शेड्यूल तैयार किया जा रहा है। तीनों ही राज्यो में आईपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे। ऐसे में इलेक्शन की तारीख को ध्यान में रखते हुए उन तीन राज्यों में आईपीएल के मुकाबले को शेड्यूल किया जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इस वक्त की डिफेंडिंग आईपीएल चैंपियंस है। ऋष्ट्क्क ने अहमदाबाद में खेले गए पिछले सीजन के फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रन से हराया था। इस महीने की शुरुआत में, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (यस्ष्ट्र) के सेक्रेटरी, संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पांच मुकाबले खेले जाएंगे। उन्होंने यह भी कन्फर्म किया कि इसी मैदान पर ढ्ढक्करु 2026 का पहला और फाइनल मुकाबला भी खेला जा सकता है।

# अमेरिका और इजरायल ने ईरान के अराक शहर पर बरसाए बम, 5 की मौत

नई दिल्ली। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच चल रही जंग अब अपने 11वें दिन में प्रवेश कर गई है। जंग 28 फरवरी 2026 से तक शुरू हुई थी जब अमेरिका और इजरायल ने संयुक्त रूप से ईरान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। अमेरिका और इजरायल का मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम, बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को नष्ट करना है।

ईरान की तरफ से नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई की नियुक्ति के बाद हमले और तेज हो गए हैं। ईरानी अधिकारी लंबी जंग के लिए तैयार होने का संकेत दे रहे हैं और क्षेत्रीय हमलों को जारी रखने की बात कह रहे हैं। जंग की वजह से तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। संघर्ष अब क्षेत्रीय जंग में बदल चुकी है। जंग के दौरान दोनों पक्षों की ओर से ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के सैन्य ठिकानों, मिसाइल उत्पादन सुविधाओं, ढ्ढक्रत्रष्ट मुख्यालयों और यहां तक कि तेल भंडारण स्थलों पर लगातार हमले किए हैं। ईरान ने अपने प्रॉक्सी ग्रुप्स के जरिए भी हमले किए हैं। ईरान ने खाड़ी देशों जैसे यूएई, बहरीन, कुवैत और इराक में ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं।

जंग के दौरान ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि जंग का अंत ईरान तय करेगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव....**

कहा- इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि LoP को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहतें हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था। प्रियंका को LoP बनाते तो कुछ अच्छा होता। देखिए प्रियंका हंस रही हैं। जो अच्छा व्यवहार करे तो उसकी सराहना करनी चाहिए। विपक्ष ने हंगामा किया। रिजिजू बोले- मैंने अच्छा बोला है। कांग्रेस क्यों नाराज हो रही है।

**जो नेहरू की आलोचना करते थे....**

है कि उन्होंने इसे पढ़ा भी है या नहीं। यदि उन्होंने पढ़ा होता तो सौ बार सोचते इससे पहले कि इसे हस्ताक्षर करते। रिजिजू ने कांग्रेस पर भी तंज कसा और कहा कि अगर प्रियंका गांधी को विपक्ष के नेता बनाया गया होता तो प्रदर्शन बेहतर होता। उन्होंने कहा, प्रियंका गांधी वहां बैठी हैं और हंस रही हैं। यदि उन्हें विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो प्रदर्शन बेहतर होता। कम से कम वह सदन में बैठतीं, सुनतीं और मुस्कुरातीं। रिजिजू के बयान के बाद प्रियंका गांधी ने कहा, उन्होंने कहा कि मैं हंस रही थी। मैं यह साफ करना चाहती हूं कि मैं इसलिए हंस रही थी क्योंकि जिन नेहरूजी की वे दिन-रात आलोचना करते हैं और उन्होंने अपने तर्क के समर्थन में नेहरू जी का हवाला दिया। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने अचानक नेहरू जी का सम्मान करना शुरू कर दिया कि उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत किया और ऐसे भाषण दिए। प्रियंका गांधी ने जोर देकर कहा कि केवल एक व्यक्ति ऐसा है, जिसने सरकार के सामने सिर नहीं झुकाया और वह है विपक्ष के नेता राहुल गांधी। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बेझिझक सच बोलते हैं और जो लोग सत्ता पक्ष में बैठे हैं, वे उस सच को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं।

**पहचान छिपाकर शादी की तो जेल....**

लिव-इन में रहने पर भी सात साल की जेल का प्रावधान है। किसी वयस्क द्वारा नाबालिग के साथ लिव-इन में रहने पर छह माह की जेल और 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। लिव-इन संबंध समाप्त होने पर अब निबंधक की ओर से दोनों पक्षों को निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा। विवाह, तलाक या लिव-इन के पंजीकरण को निरस्त करने की शक्ति महानिबंधक के पास होगी। हालांकि इससे पहले संबंधित पक्ष को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा।

**ईरान के लिए आज कयामत की रात....**

मचा दी है। उन्होंने युद्ध कितने समय तक चलेगा, इस बारे में अलग-अलग संकेत दिए हैं। इस अनिश्चितता की वजह से सोमवार को शेयर बाजार और तेल की कीमतों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। इस बीच, ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ ने उन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि तेहरान ने युद्ध रोकने (सीजफायर) की मांग की है। वहीं इस सबके बीच अमेरिकी सेना के जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन केन ने बड़ा बयान दिया है।

**केंद्रीय कैबिनेट के 5 बड़े फैसले: मदुरै...**

क्षमता बढ़ेगी, रेल संचालन और समयपालन बेहतर होगा, और यात्रियों व माल ढुलाई दोनों को फायदा मिलेगा। इससे लगभग 14.7 लाख की आबादी वाले 5,652 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके साथ ही बोलपुर-शांतिनिकेतन, तारापीठ और भीमबांध वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों तक पहुंच भी आसान होगी। यह कोयला, सीमेंट, लोहा-स्टील और अनाज जैसे जरूरी सामान की ढुलाई को भी तेज और सुचारू बनाएगा। सरकार ने अपने बड़े प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी दे दी है। इस दूसरे चरण का लक्ष्य है कि दिसंबर 2028 तक देश के 12.6 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन देना है। इसके लिए बजट बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। सड़क नेटवर्क को और बेहतर बनाने के लिए बदनावर-थांदला-तिमरवानी को 4-लेन बनाने की मंजूरी मिली है। साथ ही जेवर एयरपोर्ट को नोएडा-फरीदाबाद से जोड़ने वाली एलीवेटेड रोड के निर्माण की भी अनुमति दी गई है, जिससे यात्रा और आसान हो जाएगी। तमिलनाडु के ऐतिहासिक शहर मदुरै के एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मंजूरी मिली है।

**सदन में मुसवा के नाम पर हंगामा: 30 विधायक....**

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 149.25 लाख टन धान खरीदा। इसके लिए किसानों को MSP के रूप में 34,349 करोड़ रुपए और कृषक उन्नति योजना के तहत 11,928 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इस तरह किसानों को कुल 46,277 करोड़ रुपए दिए गए। मंत्री ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था के तहत बोनस सहित प्रति क्विंटल 3100 रुपए की कीमत देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। उन्होंने बताया कि 2024-25 सीजन में खरीदे गए धान के निपटान की अंतिम तारीख 30 अप्रैल 2026 तय की गई है और प्रक्रिया जारी है। मंत्री बघेल के मुताबिक, 18.36 लाख टन अतिरिक्त धान का ऑनलाइन नीलामी के जरिए निपटान किया जा चुका है, जबकि करीब 1.60 लाख टन धान भंडारण केंद्रों और 67 हजार टन धान खरीदी केंद्रों में मौजूद है, जो कुल खरीदी का तीन प्रतिशत से भी कम है। दयालदास बघेल ने इस आरोप को भी खारिज किया कि धान को चूहों ने खा लिया या भ्रष्ट अधिकारियों ने बेच दिया। उन्होंने कहा कि धान को सुरक्षित रखने के लिए कवर और कीट नियंत्रण जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि 2739 खरीदी केंद्रों में से 2728 केंद्रों पर स्टॉक का सत्यापन पूरा हो चुका है और बाकी 11 केंद्रों पर प्रक्रिया जारी है। भंडारण में नुकसान को लेकर 78 भंडारण केंद्र प्रभारियों और जिला मार्केटिंग अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। दो भंडारण केंद्र प्रभारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और दो अन्य अधिकारियों को निलंबित किया गया है। मंत्री के जवाब के बाद अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी। इससे असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन के वेल में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद अध्यक्ष ने 30 विधायकों के निलंबन की घोषणा की, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार धान की सुरक्षा में पूरी तरह नाकाम रही। स्थगन प्रस्ताव खारिज होने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से वेल में पहुंचे और निलंबित हुए।

**कई राज्यों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर....**

जरूरी चीज जैसे- अनाज, दालें, खाने का तेल, दवाइयां या ईंधन की सप्लाई और कीमतों को कंट्रोल कर सके। इसे आसान भाषा में जमाखोरी रोकने वाला कानून कह सकते हैं। जब कभी किसी चीज की कमी होने लगती है या उसकी कीमतें बहुत ज्यादा बढ़ने लगती हैं, तो सरकार इस कानून को लागू कर देती है। इसके तहत व्यापारियों के लिए स्टॉक की एक लिमिट तय कर दी जाती है कि वे एक सीमा से ज्यादा सामान गोदामों में नहीं भर सकते। कॉमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पर अघोषित रोक से होटल-रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों की मुश्किलें ब? गई हैं। कंपनियों ने एजेंसियों को पूरा फोकस सिर्फ घरेलू गैस पर रखने को कहा है, लेकिन इसके बावजूद आम लोगों में घबराहट का माहौल है। लखनऊ, कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में बुकिंग के 4-5 दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो पा रही है। मुंबई, पुणे और नागपुर में कॉमर्शियल गैस की भारी कटौती की गई है। पुणे में तो हालात इतने खराब हैं कि नगर निगम ने गैस शवदाह गृह अस्थायी रूप से बंद कर दिए हैं। राज्य के करीब 9,000 रेस्टोरेंट्स और बार पर बंद होने का खतरा मंडरा रहा है।

**छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण संशोधन विधेयक....**

गया था। वर्तमान में राजीव गांधी मितान क्लब योजना संचालित नहीं है, इस कारण पंजीयन पर अतिरिक्त उपकर शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अधिनियम, 1972 (संशोधन) विधेयक 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। यहां यह उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के विभिन्न कार्यालयों में तकनीकी और गैर तकनीकी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों के चयन और परीक्षा आयोजित करने के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल का गठन किया जाएगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ (लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य लोक परीक्षा प्रणाली में अधिक पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को कायम करना है। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 40, 50 एवं 59 में संशोधन विधेयक 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

**6 साल में 4340 नक्सलियों का सरेंडर.....**

के हैं, जिनमें मिलीशिया सदस्य, मिलीशिया, डीकेएमएस के हैं. 1496 इनामी नक्सलियों के लिए कुल 5 करोड़ 64 लाख है, जो इनको तीन वर्ष के बाद मिलेगी. जो इनके खाते में ट्रांसफर की जाएगी. अभी 50- 50 हजार रुपये की राशि दी गई है. बाकी की 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि दी जानी है। विधायक विक्रम मंडावी का अगला सवाल- 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि में से कितनी राशि इनामी सरेंडर नक्सलियों को दी जा चुकी है? गृह मंत्री विजय शर्मा का जवाब- जो इनाम की राशि तीन साल के बाद मिलती है. आप बस्तर के है तो आपको पता होनी चाहिए. प्रारंभिक 50 हजार की राशि दे दी गई है, जो 5 करोड़ 64 लाख है. अब इस राशि को 1496 से मत जोड़िएगा. उसमें अंतर है. 1 अप्रैल 2023 से 5 अप्रैल 2023 तक पुरानी व्यवस्था लागू थी, जिसमें 10 हजार रुपये इनामी सरेंडर नक्सली को दिए जाते थे. 1496 से 50 हजार का गुणा कर आप कहेंगे और कहेंगे ये कुल राशि नहीं आ रही है लेकिन मैं आपको बता दूं कि इसमें तीन योजनाएं लागू हो रही है.

5 सरेंडर नक्सलियों को 10 हजार के हिसाब से, 415 नक्सलियों को 25 हजार के हिसाब से, 929 नक्सलियों को 50 हजार के हिसाब से दिया गया.

विधायक विक्रम मंडावी ने फिर पूछा- मैं जानना चाहता हूं कि अब तक कितनी राशि सरेंडर नक्सलियों का भुगतान हुआ है.

गृह मंत्री विजय शर्मा ने दिया ये जवाब- 5 करोड़ 64 लाख दिया गया है. 49 करोड़ 34 लाख 50 हजार की राशि दी जानी है.

विधायक विक्रम मंडावी ने पूछा 'आपने जो जवाब दिया है कि अब तक दो सरेंडर नक्सलियों को ही 5 लाख की राशि दी गई है. संशोधित वाला ही पढ़ रहा हूं,' इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया 'आप अपनी प्रश्नाअवधि पर ध्यान दें. आप की प्रश्नावधि में तीन वर्ष पूरे नहीं होते हैं।' विधायक विक्रम मंडावी ने कहा - मैंने प्रश्न 2023 से वर्तमान समय तक की जानकारी मांगी थी। गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया 'अभी वर्तमान में क्या तीन वर्ष पूरे हो गए हैं. आप समझो मेरी बात को. आप अपनी प्रश्न समझ लीजिए फिर बताइएगा।' विधायक विक्रम मंडावी ने कहा-'बाकी की राशि का वितरण सरेंडर इनामी नक्सलियों को कब दी जाएगी।' गृह मंत्री विजय शर्मा का जवाब- 'नक्सलियों को राशि देने की प्रक्रिया होती है. इसमें जांच की प्रक्रिया होती है. जो पुनर्वास करते हैं उनके जिलास्तर पर प्रदेश स्तर पर समिति होती है. वर्तमान में 92 प्रकरण ऐसे हैं जिनको प्रदेशस्तर की समिति से अनुशंसा की जा चुकी है. उनको राशि दी जा चुकी है, बैंक से 3 साल के बाद ये राशि निकाल सकेंगे। विधायक विक्रम मंडावी ने अंत में सवाल किया-आत्मसमर्पित नक्सली को पदवार और यदि हथियार लेकर आते हैं तो कितनी राशि दी जाती है. गृह मंत्री विजय शर्मा ने उत्तर दिया-छत्तीसगढ़ नक्सल पुनर्वास नीति के तहत जो प्रावधान बनाए गए है उसी के अनुसार सरेंडर नक्सलियों को राशि दी जाती है.

**पश्चिम एशिया संकट केंद्रीय मंत्री.....**

के अनुसार लगभग 70 से 80 प्रतिशत तक गैस आपूर्ति जारी है। उन्होंने कहा कि सरकार सस्ती और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की कोई कमी नहीं है,

# टटेंगा स्कूल में क्राफ्ट मेले का आयोजन : विद्यार्थियों ने कबाड़ से जुगाड़ कर दिखाई अपनी कलाकारी

हरदी (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल व कलावृत्ति को बढ़ावा देते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में क्राफ्ट मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का एक उचित माध्यम मिलता है।

क्राफ्ट को शिक्षा में शामिल करने से विभिन्न शैक्षिक प्रक्रियाओं को रोचक ढंग से समझा सकते हैं। उन्होंने क्रूशिया के माध्यम से थाली कवर बनाकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि इससे विद्यार्थियों में कौशल विकास होता है। हस्तकला से जुड़ी प्रतिभाएं सामने आती है तथा मस्तिष्क को सक्रिय करके एकाग्रता बढ़ता है। एक प्रकार से यह मस्तिष्क का भी व्यायाम है। इन्हीं छोटे-छोटे प्रयासों से हम अपने लघु उद्योग प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने शॉटन रिबन के माध्यम से गुलाब फूल, ऊन से खिलौने व टेडीबियर तथा वेस्ट प्लास्टिक बोतल को गमला बनाकर कबाड़ से जुगाड़ का उदाहरण प्रस्तुत किया।



स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब की पहल
हस्तशिल्प से स्वरोजगार की ओर बढ़ने का दिया संदेश

वरिष्ठ व्याख्याता पवन सिन्हा ने कहा कि यह कौशल, नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ आत्मभिव्यक्ति के लिए उत्साहित करता है। उन्होंने गुलदस्ता बनाना सिखाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता एवं युथ एंड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक ने कहा कि कौशल विकास के दृष्टिकोण से कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत मायने रखता है। यह तकनीकी प्रविणता और रचनात्मक कौशल का संगम है। इससे हस्तशिल्प, कारीगरी, दस्तकारी में कुशलता प्राप्त की जा सकती है। इससे व्यर्थ के पदार्थ का उपयोग करते हुए सुंदर सामग्री तैयार कर सकते हैं। उन्होंने केवल एक आम के पत्ते से गुलदस्ता तथा तार के द्वारा फूल बनाकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इन्हीं सभी को व्यापक रूप से तैयार करके हम लघु व कुटीर उद्योग प्रारंभ कर अपना जीवन संपादित कर सकते हैं। इसी क्रम में 11वीं की दिव्या ने झूमर, जिज्ञासा ने क्रूशिया से प्लेट कवर, टिकेश्वरी ने सलाई के द्वारा पुरानी साड़ी का पैरदान, मेघा ने ग्रीटिंग कार्ड, 9वीं के ओमलाल ने बास से बैलगाड़ी, भारती ने भारत माता का मॉडल, दिवाकर ने पंखा बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# शक्तिधाम में चैत्र नवरात्रि की धूम : सात दिवसीय वैदिक महालक्ष्मी महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन



19 मार्च से शुरू होगा भक्ति का महापर्व, निःसंतान दंपतियों को अष्टमी हवन के बाद मिलेगी विशेष अर्जी और भभूति

राजनांदगांव (दावा)। शक्तिधाम महाकाली मंदिर एवं शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम बाबुटोला वार्ड नंबर 1 में चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति के संरक्षक गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी नवरात्र पर्व को भक्ति और उत्साह के साथ मनाने की तैयारियों की समीक्षा की।

ज्ञात हो कि आगामी 19 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारम्भ होगा। गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि इस वर्ष भी मंदिर में नवरात्रि पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जाएगा। पिछले दिनों शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम का भूमिपूजन किया गया। जो अघोर साधना और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा। मंदिर में नवरात्र के दौरान विशेष आयोजन होंगे। 18 मार्च को बिरही भिगाने की परंपरा, 19 मार्च को घट स्थापना और ज्योति प्रज्ज्वलन के साथ नवरात्र का विधिवत शुभारंभ होगा। इस वर्ष सात दिवसीय वैदिक महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। पंचमी को मां महाकाली का विशेष श्रृंगार होगा। तत्पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 26 मार्च को अष्टमी हवन दोपहर 3 बजे से होगा। हवन के बाद निःसंतान दंपतियों को संतान प्राप्ति हेतु मां महाकाली का अर्जी, श्रीफल और भभूति वितरित किया जाएगा। नवमी, 27 मार्च को शाम 6 बजे सेवा भजन और विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# राजनांदगांव नगर निगम : 31 मार्च तक जमा करें बकाया कर, वरना कटेगा नल कनेक्शन और सील होगी दुकाने




राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष समाप्ति एवं लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिये महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समय समय पर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षाकर राजस्व वसूली की जानकारी लेकर, दिशा निर्देश दिये। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली हेतु संबंधित वार्ड प्रभारी घर-घर जाकर एवं निगम के राजस्व कार्यालय में राजस्व वसूली कर रहे है। उन्होंने करदाताओं से चालू वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक अपने बकाया सम्पत्तिकर का भुगतान कर अधिभार से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि करदाता अवकाश के दिनों में भी अपने करो का भुगतान कर सकते है।

आयुक्त द्वारा समय समय पर राजस्व विभाग की बैठक लेकर वसूली में तेजी लाने निर्देशित किया जा रहा था। उनके द्वारा समस्त वार्डप्रभारियों की वार्डवार समीक्षाकर शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश दिये जा रहे थे तथा 30 प्रतिशत से कम वसूली पर वार्ड प्रभारियों को वसूली में तेजी लाने समझाईस दी जा रही थी। समझाईस उपरांत भी वसूली कम आने पर कार्यवाही भी की जा रही है। इसके अलावा राजस्व कार्यालय के साथ साथ घर घर जाकर राजस्व वसूली करने कडे निर्देश दिये जा रहे है तथा क्यू.आर. कोड के माध्यम से ऑनलाईन करो की वसूली की जा रही है।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर कडाई से करो का वसूली करना सुनिश्चित करे। शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं करने पर कडी कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि लम्बे समय से करो का भुगतान नहीं करने वालों का नाम प्रकाशित करे एवं नल काटने की कार्यवाही करे। साथ ही निगम स्वामित्व की दुकाने जिनकी प्रीमियम जमा नहीं हुई है तथा लम्बे समय से दुकान किराया नहीं जमा करने वालो की दुकाने सील करने के निर्देश दिये गये है। आयुक्त ने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में करो का भुगतान करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धरित की गयी है, इसके उपरांत जमा करने पर क्रमशः सम्पत्तिकर में 5 प्रतिशत एवं जलकर में 15 प्रतिशत अधिभार लिया जायेगा। अतः उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया करों का 31 मार्च तक भुगतान कर अधिभार से बचे।

# सरपंच संघ का होली मिलन समारोह



खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

छुरिया (दावा)। सरपंच संघ छुरिया द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सरपंच, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने सभी को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भावना और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों की भूमिका गांवों के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सरपंचों के सहयोग से ही शासकीय योजनाएं गांव-गांव तक पहुंचती हैं और ग्रामीण विकास को गति मिलती है। समारोह के दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने विधायक भोलाराम साहू का पुष्पगुच्छ एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी होरीलाल साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रताप धावड़े, सरपंच संघ अध्यक्ष दीनूराम साहू, राजू सिन्हा, सहित क्षेत्र के समस्त सरपंच, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों को मिला संबल, पद्मश्री डॉ. बाफना ने कहा- अपनी क्षमता को कभी कम न आंकें

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय समकित दिव्यांग जन पुनर्वास केंद्र ठाकुरटोला में विश्व व्हीलचेयर दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक दिव्यांगों को व्हीलचेयर, छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना रहे।



समकित दिव्यांग जन पुनर्वास केंद्र ठाकुरटोला में उपकरण वितरण समारोह का आयोजन

## जीवन को ईश्वर का प्रसाद समझें : डॉ. बाफना

अपने संबोधन में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ने सीआरसी के इस विशिष्ट आयोजन की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दिव्यांग जन अपने मन में कभी भी नकारात्मक सोच न लाएं। जीवन को ईश्वर की कृपा और प्रसाद समझकर प्रसन्नतापूर्वक स्वीकार करें। डॉ. बाफना ने आगे जोर देते हुए कहा कि शारीरिक स्थिति को बाधा न बनने दें।

उन्होंने कहा कि अपनी क्षमता को कभी कम न समझें, आपको भी एक बेहतर और सामान्य जीवन जीने का पूरा अधिकार है। यह संपूर्ण कार्यक्रम संस्था की डायरेक्टर श्रीमती स्मिता महोबिया के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में सुश्री चुनमुन, श्रीमती पूजा, श्रीमती मुक्ता तथा सुश्री फरीदा का विशेष योगदान रहा। जिनके संयोजन में दिव्यांगों को उपकरणों का वितरण सुव्यवस्थित ढंग से किया गया।

# कोपेडीही में गूंजी महिला शक्ति की हुंकार : भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा ग्राम कोपेडीही में एक विशाल एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने नारी शक्ति की एकजुटता और आत्मविश्वास का अनूठा उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम का सफल नेतृत्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़ ने किया।



सैकड़ों महिलाओं ने लिया सशक्तिकरण का संकल्प, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश शाश्वत रहीं मुख्य अतिथि

## संघर्ष और उपलब्धियों के सम्मान का दिन

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती कमलेश शाश्वत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन महिलाओं की शक्ति, उनके निरंतर संघर्ष और समाज को दी गई उपलब्धियों को नमन करने का दिन है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में समाज का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ महिलाओं ने अपनी कामयाबी का परचम न लहराया हो। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर सशक्तिकरण की इस मशाल को और अधिक प्रज्वलित करें। इस भव्य आयोजन में भाजपा महिला मोर्चा की कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से संगीता मिश्रा (पूर्व सदस्य, प्रदेश कार्यसमिति), रेणु सूर्यवंशी (महामंत्री, दक्षिण मंडल शहर), सरपंचगण- तुलेश्वर साहू (कोपेडीह), लक्ष्मी साहू (देवादा), कामनी साहू (परमाल कसा) एवं अन्य पदाधिकारी कनक दुबे, करुणा राजपूत, उत्तरा निषाद, संध्या पांडे एवं पूर्व सरपंच सुशीला साहू आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान कोपेडीही और आसपास के क्षेत्रों से आई सैकड़ों महिलाओं ने सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ करने का सामूहिक संकल्प लिया। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व सरपंच सुशीला साहू ने सभी अतिथियों एवं सहभागी महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ग्राम ईरा में गूंजेगी शिव महिमा : 20 मार्च से सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर जिले के ग्राम ईरा (सोमनी) के बाजार चौक में 20 से 26 मार्च तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से भगवान शिव की महिमा, पुराणों के प्रसंग और भक्ति रस से परिपूर्ण कथा का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर कथा-अमृत का लाभ लेने की अपील की है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर ग्राम ईरा में यह धार्मिक आयोजन गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों में आध्यात्मिक वातावरण का संचार करेगा। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, सृष्टि की उत्पत्ति, शिव विवाह, गणेश और कार्तिकेय जन्म सहित विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का संगीतमय शैली में वर्णन किया जाएगा। जिससे श्रद्धालु भक्तिभाव से ओतप्रोत होंगे। कथा का शुभारंभ 20 मार्च को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात वेदी पूजन, महात्म कथा एवं सृष्टि विस्तार का प्रसंग सुनाया जाएगा। 21 मार्च को शिव तत्व महिमा और नारद मोक्ष की कथा का वर्णन होगा। 22 मार्च को कुबेर शिव झांकी एवं शिवरात्रि महिमा का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 23 मार्च को रुद्राक्ष की उत्पत्ति एवं बिल्व उत्पत्ति की कथा सुनाई जाएगी। 24 मार्च को समुद्र मंथन, गंगा अवतरण और दक्ष चरित्र का प्रसंग रहेगा। 25 मार्च को सती चरित्र और भगवान शिव-पार्वती विवाह का वर्णन किया जाएगा। अंतिम दिवस 26 मार्च को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, शंख एवं चूर्ण कथा, ज्योतिर्लिंग कथा के साथ पार्थिव शिवलिंग पूजन, रुद्राभिषेक, हवन और पूर्णाहुति के साथ आयोजन का समापन होगा।



इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक पंडित चंद्रकांत शर्मा (राजू महाराज) ग्राम मोखला (भर्रेगांव) द्वारा किया जाएगा। जबकि परायणकर्ता के रूप में पंडित विक्की शुक्ला उपस्थित रहेंगे। कथा को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया जाएगा। जिससे श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने में जागृति युवा मंच एवं समस्त ग्रामवासी ईरा की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति में अध्यक्ष कुमार साहू, उपाध्यक्ष अमरसिंह साहू, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू, सचिव रवि साहू, सहसचिव टोमन साहू तथा सदस्य गितेन्द्र साहू सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा किशोर साहू, सचिन देशमुख और पुरुषोत्तम साहू संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन दे रहे हैं, वहीं चंद्रप्रकाश किरण इलेक्ट्रॉनिक्स सोमनी का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# शनिधाम का यज्ञ रहा सफल : भारत बना टी-20 विश्व विजेता, रानीसागर तट पर भक्तों ने मनाया जीत का जश्न

राजनांदगांव (दावा)। रविवार 8 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के मध्य खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की ऐतिहासिक जीत से पूरे देश सहित संस्कारधानी में उत्साह का माहौल है। इस खिताबी जीत के लिए स्थानीय शनिदेव धाम, रानीसागर तट परिसर में मैच शुरू होने से पूर्व एक विशेष यज्ञ अनुष्ठान किया गया था।




जो भारतीय टीम की विजय के साथ ही सफल सिद्ध हुआ। मंदिर संयोजक राकेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय टीम की जीत की कामना को लेकर बड़ी संख्या में भक्तों और महिलाओं ने हवन-यज्ञ में आहुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव से भारतीय खिलाड़ियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन और विश्व विजेता बनने का शुभ संकल्प लेकर अनुष्ठान संपन्न किया। जैसे ही मैच के अंतिम क्षणों में भारत की जीत सुनिश्चित हुई, मंदिर परिसर भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा।

## महिला दिवस पर दोहरी खुशी

संयोगवश जीत का यह दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आया, जिससे उत्सव का आनंद दोगुना हो गया। अनुष्ठान में उपस्थित सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को जीत और महिला दिवस की बधाई देते हुए खुशियां साझा कीं। महिलाओं ने भगवान शनिदेव की विशेष आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जयनारायण सिंह, रमेश सोनी, विक्रम गांधी, सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, अमलेन्दू हाजरा, अग्रवाल जी और सतीष यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। मातृशक्ति की ओर से मौसमी शर्मा, लता राजपूत, निशा ठाकुर, माधुरी साहू, राजिम साहू, उमा साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस विजय उत्सव के साक्षी बने।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा महिला दिवस पर आध्यात्मिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा लाल बाग स्थित वरदान भवन में एक विशेष महिला सशक्तिकरण एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक जीवन के महत्व को समझा और राजयोग ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।



इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और समाज में महिलाओं की भूमिका तथा आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में जीवन की चुनौतियों और तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच आध्यात्मिकता को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि मन को मजबूत और स्थिर बनाना है तो राजयोग ध्यान का अभ्यास करना जरूरी है। राजयोग के माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों को सकारात्मक बना सकता है। आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और जीवन में शांति तथा संतुलन स्थापित कर सकता है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की आधारशिला होती हैं। यदि महिलाएं मानसिक रूप से सशक्त और आध्यात्मिक रूप से जागरूक होंगी तो पूरा परिवार और समाज सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने सभी को नियमित रूप से राजयोग ध्यान का अभ्यास करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को राजयोग ध्यान का संक्षिप्त अभ्यास भी कराया। जिससे वातावरण में शांति और सकारात्मकता का अनुभव हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में कुमारी रूही एवं नाव्या द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। उनके आकर्षक एवं भावपूर्ण नृत्य ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने अत्यंत सरस और प्रभावशाली ढंग से किया। उन्होंने कार्यक्रम के विभिन्न चरणों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाते हुए उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों को आध्यात्मिक संदेशों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर नगर की पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अधिवक्ता बहन शारदा तिवारी तथा पार्षद मणिभास्कर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास, शिक्षा और आध्यात्मिकता के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी रंभा बहन ने सभी अतिथियों, आयोजकों और उपस्थित महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सक्रिय सहभागिता इस कार्यक्रम की सफलता का मुख्य आधार रही है। इस अवसर पर पार्षद प्रियंका कुरंजरेकर, पार्षद झमित नादान सेन, माहेश्वरी महिला मण्डल अध्यक्ष सुषमा राठी, श्रीमती अर्चना दास सहित अनेक महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मोहड़ रेत उत्खनन कांड : संपत्ति कुर्की के डर से दो मुख्य आरोपियों ने न्यायालय में किया सरेंडर

## ग्वालियर और भिण्ड के समाचार पत्रों में प्रकाशन के बाद बढ़ गया था दबाव, कोर्ट ने भेजा जेल

राजनांदगांव (दावा)। शिवनाथ नदी तट के ग्राम मोहड़ वार्ड में अवैध रेत उत्खनन को लेकर गोली चलने जैसी वारदात हुई थी। इस मामले में कुछ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े थे। वहीं कुछ आरोपी जो फरार चल रहे थे। उन पर गिरफ्तारी का तलवार लटका हुआ था। पुलिस द्वारा उन आरोपियों के संपंति कुर्क कर देने की उद्घोषणा के बाद उन्हें सरेंडर करने बाध्य होना पड़ा और अवैध रेत उत्खनन एवं फायरिंग प्रकरण में दो फरार आरोपी न्यायालय में पेश होने पर पुलिस द्वारा उन्हें रिमांड पर जिला जेल में डाल दिया गया है।

बता दें कि बसंतपुर थाना क्षेत्र के ग्रामीण वार्ड मोहड़ में 11.06.2025 को रात्रि लगभग 7 से 7:30 बजे के बीच हुई नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन की घटना के दौरान मारपीट और देशी कट्टा से फायरिंग किए जाने जैसी वारदात हुई थी। जिस पर 9 लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई थी। जिसके चलते उन्हें जेल भेजा गया था।



### फरार चल रहे थे रेत उत्खनन के आरोपी

उक्त प्रकरण के अन्य फरार आरोपी संजय सिंह पिता इलवीर सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी गुदुकापुरा देहात, जिला भिण्ड (म.प्र.), हाल पता ग्वालियर (म.प्र.) व अमन बैसन्दर पिता जितेन्द्र बैसन्दर उम्र 28 वर्ष निवासी शताब्दीपुरम जिला ग्वालियर (म.प्र.) के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए न्यायालय से संपत्ति कुर्क की उद्घोषणा कार्यवाही कराई गई तथा आरोपियों के निवास स्थान ग्वालियर एवं भिण्ड में उक्त उद्घोषणा चस्पा कराई गई एवं भिण्ड, मुरैना एवं ग्वालियर के समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया गया। उक्त कार्यवाही के फल स्वरूप दोनों फरार आरोपी मंगलवार 10 मार्च को न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। जिन्हें अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना बसंतपुर को सुपुर्द किया गया। जिस पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत दोनों आरोपियों को न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# अफीम कांड पर आर-पार की जंग : आज कांग्रेस घेरेगी भाजपा कार्यालय

### रणनीति बैठक में बना घेराव का प्लान, सत्ता संरक्षण में नशा परोसने का लगाया आरोप



राजनांदगांव (दावा)। दुर्ग जिले के समोदा गांव में 10 एकड़ में अफीम की अवैध खेती के मामले ने अब सियासी तूफान का रूप ले लिया है। इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है। इसी कड़ी में कल 12 मार्च को प्रस्तावित जिला भाजपा कार्यालय के घेराव और विशाल विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर आज जिला मुख्यालय में कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विपिन यादव एवं शहर अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का नेटवर्क

बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा से जुड़े व्यक्ति द्वारा इतने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती किया जाना यह स्पष्ट करता है कि प्रदेश में नशे का कारोबार सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहा है। नेताओं ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली इस साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस सड़क से सदन तक इसके खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगी। रणनीति बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री धनेश पाटिला सहित वरिष्ठ नेता शाहिद भाई, रमेश डाकलिया, अशोक फडनवीस और कमलजीत पिंटू विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर 12 मार्च को भाजपा कार्यालय के घेराव में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ जुटने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से हरिनारायण धकेता, रुपेश दुबे, राहुल तिवारी, अनीस खान, मेहुल मारु, प्रवीण मेश्राम, महेन्द्र यादव, मन्ना यादव, प्रताप धावडे, झम्मन देवांगन, सूर्यकान्त जैन, मनीष गौतम, विष्णु लोधी, अशोक पंजवानी, तरुण सिन्हा, अमर झा, बबलू कसार, शरद खंडेलवाल, प्रकाश बाफना, राजेश श्वेता, चेतन सिन्हा और रशीद भाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी अनीस खान द्वारा दी गई।

# अवैध उत्खनन पर प्रशासन का कड़ा प्रहार : जेसीबी और हाईवा सहित कई वाहन जब्त







**डोंगरगांव और छुरिया क्षेत्र के दर्जनों गांवों में खनिज विभाग की दबिश, थानों में सुपुर्द किए गए वाहन**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम खुज्जी, बघमार, साल्हे, लक्ष्मणभरदा, गनेरी-मनेरी, नादिया तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नागरकोहरा, बरछाटोला, कल्लूटोला, मोतीपुर, बंशीबंजारी क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमला द्वारा इन क्षेत्रों में खनिज रेत एवं मुरूम के अवैध परिवहन व उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई की गई। जिसमें नागरकोहरा निवासी भारत साहू के स्वामित्व की जेसीबी-सीजी08 ए डब्ल्यू 3323 एवं हाईवा-सीजी 08 एएच 7389 तथा मुरूम-मिट्टी को थाना चिचोला सुपुर्द किया गया। इसी तरह पाण्डुका निवासी तिरथदास साहू के स्वामित्व की ट्रैक्टर जॉन डियर-सोल्ड हरा रंग एवं रेत तथा लक्ष्मणभरदा निवासी भानूराम गोड़ के स्वामित्व की टैक्टर स्वराज-सोल्ड नीला रंग एवं रेत को थाना डोंगरगांव सुपुर्द किया गया। सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# महिला दिवस पर 'साइन लैंग्वेज' की ट्रेनर आयशा खान सम्मानित



**पद्मश्री फूलबासन यादव और डॉ. पुखराज बाफना की उपस्थिति में मिला सम्मान, आस्था में दे रही हैं सेवाएं**

राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कंपोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव में एक विशेष महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डायरेक्टर श्रीमती स्मिता महोबिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में उन महिलाओं को मंच प्रदान किया गया। जिन्होंने समाज और अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता की नई परिभाषा गढ़ी है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विख्यात समाजसेवी पद्मश्री फूलबासन यादव एवं प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना उपस्थित रहे। इस गरिमामयी मंच पर विशेष रूप से स्पेशल साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) की इंटरप्रेटर और ट्रेनर श्रीमती आयशा खान को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

### मूक-बधिर बच्चों के लिए समर्पित हैं आयशा

श्रीमती आयशा खान विगत 6 वर्षों से आस्था मूक-बधिर शाला में अपनी निस्वार्थ सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने हाल ही में स्पेशल साइन लैंग्वेज में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस उपलब्धि और सम्मान से न केवल श्रीमती आयशा बल्कि पूरा आस्था परिवार गौरवान्वित है। डायरेक्टर श्रीमती स्मिता महोबिया ने बताया कि समाज की उन्नति में महिलाओं का योगदान अतुलनीय है। आयशा खान जैसी प्रशिक्षिकाओं के माध्यम से मूक-बधिर बच्चों के जीवन में बड़ा बदलाव आएगा। अब वह अपनी शाला के बच्चों को और अधिक प्रभावी ढंग से साइन लैंग्वेज सिखा पाएंगी। जिससे दिव्यांग बच्चों के संचार कौशल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।




# होली मनाना सद्भाव और एकता का प्रतीक : प्रमोद बागड़ी

### लायंस क्लब ऑफ नांदगांव ने उत्साहपूर्वक मनाया होली मिलन समारोह, सामाजिक भेदभाव मिटाने का दिया संदेश



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय लायंस क्लब ऑफ नादगांव द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश प्रसारित किया। समारोह को संबोधित करते हुए लायन अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने कहा कि होली का त्यौहार केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह सभी धर्मों और जातियों के लोगों के बीच एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजनों से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित अधिवक्ता मनमोहन साहू ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि होली देश में सामाजिक भेदभाव की दीवारों को गिराकर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करती है। जब लोग एक ही रंग में रंगे होते हैं, तब ऊंच-नीच और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। इस स्नेह मिलन समारोह में मुख्य रूप से अमलेन्दु हाजरा, आनंद वर्गीस, संदीप सिंह, योगेश गुप्ता, सुरज खंडेलवाल, दिलीप पात्रे, निता पात्रे और कपिल वरू उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने पारंपरिक गीतों और गुलाल के साथ इस उत्सव का आनंद लिया।




# राजनांदगांव के दिव्यांगों के लिए 12 मार्च को गांधी सभागृह में विशेष शिविर

**नि:शुल्क सहायक उपकरणों हेतु होगा मूल्यांकन, महापौर एवं आयुक्त ने की शिविर का लाभ उठाने की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। जिला समाज कल्याण विभाग और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजनांदगांव जिले के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एक दिवसीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी 12 मार्च को गांधी सभागृह में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

इस शिविर में जनपद पंचायत राजनांदगांव और नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा। शिविर में उन दिव्यांगजनों को चिह्नित किया जाएगा जिनका दिव्यांगता प्रतिशत 40 प्रतिशत से अधिक है। आवश्यकतानुसार इन हितग्राहियों को भविष्य में नि:शुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

### इन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शिविर का लाभ लेने के लिए कुछ अनिवार्य शर्तें और दस्तावेज आवश्यक हैं। जिसमें आवेदक की मासिक आय 22,500 रुपये से कम होनी चाहिए। आय प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, आवासीय प्रमाण हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य है। महापौर मधुसूदन यादव ने क्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर विशेषज्ञों से अपना मूल्यांकन कराएं और शासन की इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठाकर अपने जीवन को सुगम बनाएं। यह कार्यक्रम एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आयोजित किया जा रहा है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com